इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"॥

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 118 | राजनांदगांव, मंगलवार 17 मार्च 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए







## होर्मुज पर अलग-थलग पड़े ट्रंप: जहाजों की तैनाती पर भारत का जवाब; चीन-ब्रिटेन समेत इन देशों ने भी किया किनारा

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के नाम पर चीन और सहयोगी देशों से मदद की अपील की, लेकिन वह इस मुद्दे पर अलग-थलग पड़ते दिख रहे हैं। इसकी वजह यह है कि आस्ट्रेलिया और जापान ने नौसैनिक मदद मुहैया कराने से मना कर दिया है तो अन्य सहयोगी देशों ने भी कोई प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है।



ब्रिटेन ने कहा कि वह ईरान युद्ध में नहीं पड़ेगा। इधर, ट्रंप ने यह चेतावनी दी है कि अगर सहयोगियों ने मदद नहीं की तो नाटो को भविष्य में संकट का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में दो सप्ताह से ज्यादा समय से जारी युद्ध के कारण तेल की कीमतें बढ़ गई हैं, क्योंकि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है।

### ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य सुरक्षाके लिए मदद मांगी

वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। एपी के अनुसार, ट्रंप ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन लौटने के दौरान एयरफोर्स वन में रविवार को पत्रकारों से कहा कि उन्होंने सात देशों से युद्धपोत भेजने की मांग की है, ताकि होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखा जा सके। उन्होंने कहा, मैं इन देशों से मांग करता हूं कि वे आगे आएं और अपने क्षेत्र की सुरक्षा करें, क्योंकि यह उनका ही क्षेत्र है। बहरहाल ईरान युद्ध के बीच तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद उनकी अपील पर किसी देश ने कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं जताई है। हालांकि ट्रंप ने उन देशों का नाम बताने से इनकार कर दिया, जो पश्चिम एशिया के कच्चे तेल पर काफी हद तक निर्भर हैं और जिनसे ट्रंप प्रशासन इस जलमार्ग की सुरक्षा के लिए एक गठबंधन बनाने को लेकर वार्ता कर रहा है। उन्होंने केवल इतना कहा कि चीन लगभग 90 प्रतिशत तेल इसी क्षेत्र से पाता है, जबकि अमेरिका को बहुत कम मात्रा में मिलता है।

### ट्रंप ने नाटो के भविष्य पर सहयोगियों को चेताया

इससे पहले उन्होंने एक इंटरनेट मीडिया पोस्ट कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अन्य देश इसमें शामिल होंगे।न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, ट्रंप ने उन देशों पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है, जिनसे उन्होंने होर्मुज में युद्धपोत भेजने की अपील की है। उन्होंने फाइनेंशियल टाइम्स को दिए गए एक इंटरव्यू में कहा, अगर कोई जवाब नहीं आता है या नकारात्मक जवाब आता है तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा। ट्रंप ने कहा कि खाड़ी की सुरक्षा के लिए चीन को भी मदद के लिए युद्धपोत भेजने चाहिए। रायटर के मुताबिक, जापान और आस्ट्रेलिया ने कहा कि वे इस महत्वपूर्ण जलमार्ग में जहाजों को एस्कार्ट करने के लिए पश्चिम एशिया में नौसैनिक पोत भेजने की योजना नहीं बना रहे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने सोमवार को कहा कि उनका देश ईरान (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## होर्मुज तनाव के बीच भारत को राहत, भारतीय जहाज शिवालिक 46 हजार टन गैस लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। एलपीजी गैस लेकर आने वाला भारतीय जहाज शिवालिक सुरक्षित तरीके से गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया है। इस जहाज के सुरक्षित पहुंचने को ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि हाल के दिनों में क्षेत्र में तनाव के कारण समुद्री मार्ग पर जोखिम बढ़ गया था।



यह एलपीजी टैंकर रविवार शाम करीब पांच बजे मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। जहाज लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है। यह गैस भारत के घरेलू आपूर्ति नेटवर्क में भेजी जाएगी। शिवालिक एक बहुत बड़ा गैस वाहक जहाज है, जिसे शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया संचालित करता है। यह जहाज फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक माना जाता है। दुनिया भर में तेल और गैस की करीब 20 प्रतिशत आपूर्ति इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है। इसलिए इस मार्ग पर किसी भी तरह का तनाव पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। भारत भी अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस समुद्री रास्ते पर काफी हद तक निर्भर है।

### ईरान ने भारतीय जहाजों को क्यों दी अनुमति?

तनाव के बीच ईरान ने दो भारतीय जहाजों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी। इनमें शिवालिक और नंदा देवी नाम के एलपीजी टैंकर शामिल हैं। दोनों जहाज करीब 92,700 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत के लिए रवाना हुए थे। अधिकारियों के मुताबिक दोनों जहाज सुरक्षित तरीके से जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं और भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़े। भारत में घरेलू और व्यावसायिक उपयोग के लिए एलपीजी की बड़ी मांग रहती है। ऐसे में इन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ विधानसभा में गरमाया सरकारी छात्रावास में हैवानियत का मुद्दा, स्थगन प्रस्ताव खारिज

रायपुर। बीजापुर के गंगालूर स्थित पोटा केबिन में तीन छात्राओं के गर्भवती होने का मामला सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के शून्यकाल के दौरान उठा। इस मुद्दे को लेकर सदन में भारी हंगामा देखने को मिला। विपक्ष ने इसे बेहद गंभीर मानते हुए स्थगन प्रस्ताव लाकर इस पर चर्चा की मांग की। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन का बहिष्कार किया। मामले में स्कूल शिक्षा मंत्री ने छात्राओं के छात्रावास से जुड़े न होने की बात कही। इस पर आसंदी ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बीजापुर के गंगालूर पोटा केबिन की तीन बच्चियों के गर्भवती होने का मामला बेहद गंभीर है और इस पर सदन में विस्तृत चर्चा होनी चाहिए।



### गंभीर सामाजिक मुद्दा

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि इस तरह के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक मुद्दा है, जिस पर चर्चा और जवाबदेही तय होनी चाहिये। बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी समेत विपक्ष के अन्य सदस्यों ने भी स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से चर्चा की मांग की। इस सत्र में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य संशोधन विधेयक लौटाए जाने और अमानक बरदाने का मुद्दा भी सदन में जोर-शोर से उठा।

## 12वीं हिंदी का पेपर लीक होने का दावा : शिक्षा मंडल ने एहतियातन दर्ज कराई एफआईआर

### सोशल मीडिया पर वायरल हस्तलिखित पर्चे की साइबर सेल करेगी जांच, सचिव ने कहा- गोपनीयता से समझौता नहीं

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 12वीं बोर्ड परीक्षा के हिंदी प्रश्नपत्र को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दावों ने हड़कंप मचा दिया है। छात्र संगठनों द्वारा पेपर लीक होने के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए मंडल ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी(एफआईआर) दर्ज करा दी है। अब पुलिस और साइबर सेल इस पूरे मामले की विस्तृत जांच करेंगे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 14 मार्च 2026 को कक्षा 12वीं की हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा संपन्न होने के बाद 15 मार्च की शाम को सोशल मीडिया (व्हाट्सएप) और 16 मार्च को मीडिया के माध्यम से मंडल को सूचना मिली कि एक छात्र संगठन ने पेपर लीक होने का दावा किया है। आरोप है कि परीक्षा से एक दिन पूर्व, यानी 13 मार्च को हिंदी विषय के प्रश्नों वाला एक हस्तलिखित पर्चा वायरल हुआ था। विभिन्न समाचार पत्रों और सोशल मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वायरल हस्तलिखित पर्चे के प्रश्न और मुख्य परीक्षा के बी-सेट के प्रश्नपत्र में काफी समानता बताई जा रही है। हालांकि मंडल के अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल सामग्री स्पष्ट और पठनीय नहीं है। जिससे उसकी सत्यता का तत्काल मिलान करना संभव नहीं हो पा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव ने स्पष्ट किया कि संबंधित वीडियो और सामग्री परीक्षा संपन्न होने के बाद सार्वजनिक हुई है, इसलिए प्रथम दृष्टया इसे प्रश्नपत्र लीक की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। फिर भी परीक्षा की संवेदनशीलता और पारदर्शिता को देखते हुए मंडल ने एहतियात के तौर पर एफआईआर दर्ज कराई है ताकि तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट हो सके। मंडल सचिव ने कहा कि बोर्ड (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## मौत की अफवाहों के बीच पीएम नेतन्याहू ने जारी किया नया वीडियो, लोगों से की मुलाकात

यरूशलम। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को एक और वीडियो जारी किया, जिसे उन्होंने दिखाया कि वह जीवित हैं। इससे पहले रविवार को उन्होंने अपनी मौत की अफवाहों को खारिज करने वाला वीडियो जारी किया था। इस 90 सेकंड के वीडियो के वीडियो को उन्होंने अपने व्यक्तिगत एक्स खाते पर साझा किया।



वीडियो में नेतन्याहू को यरुशलम हिल्स में लोगों से बातचीत करते देखा जा सकता है। वीडियो में दो लड़कियों प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ तस्वीरें खिंचवाते हैं। इसमें नेतन्याहू एक महिला से उसके कुत्ते की नस्ल के बारे में पूछते हैं और यरुशलम के नजारे की तारीफ करते हैं। उन्होंने वीडियो में कहा, यरुशलम कितना सुंदर है। यरुशलम जैसा कुछ नहीं। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि लोगों को ताजी हवा लेने के लिए बाहर निकलना चाहिए, लेकिन सुरक्षा स्थिति के चलते आश्रयों (शेल्टर) के पास ही रहना जरूरी है। उन्होंने पूछा- यहां शेल्टर कहां है?, लोगों ने जवाब दिया- पास में। प्रधानमंत्री ने कहा- यह बहुत जरूरी है। रविवार को नेतन्याहू ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्हें कैफे में कॉफी ऑर्डर करते देखा गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैली उन अफवाहों को खारिज किया कि उनकी हत्या कर दी गई है। सोमवार के वीडियो में प्रधानमंत्री उसी कॉफी शॉप के पास दिखाई देते हैं, जो पिछले वीडियो में भी दिखी थी और उन्होंने वही पोशाक पहनी है। पहला वीडियो उस समय आया , जब ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दोनों देशों के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच नेतन्याहू को धमकियां दी थीं।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति अविश्वास प्रस्ताव का अस्वीकार होना भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रमाण: डॉ. रमन सिंह

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के विरुद्ध प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव को सदन द्वारा अस्वीकार किए जाने को भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता, संसदीय परंपराओं और संस्थागत मर्यादा के प्रति गहरी आस्था का सशक्त उदाहरण बताया है।





डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह निर्णय केवल एक संसदीय प्रक्रिया का परिणाम नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि भारतीय लोकतंत्र में संस्थाओं की गरिमा, निष्पक्षता और मर्यादा सर्वोपरि है। सदन में जिस स्पष्टता, गंभीरता और विवेक के साथ माननीय सदस्यों ने अपना मत व्यक्त किया, उससे यह पुनः स्थापित हुआ है कि संसद और उसकी संस्थाओं के प्रति देश की लोकतांत्रिक चेतना अत्यंत परिपक्व है।

उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय के उपरांत लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला द्वारा सदन को जिस संतुलित, विचारपूर्ण और गरिमामय ढंग से संबोधित किया गया, वह अत्यंत प्रेरक है। अध्यक्ष पद की निष्पक्षता, संसदीय नियमों की सर्वोच्चता और संसद की गौरवशाली परंपराओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता भारतीय संसदीय लोकतंत्र की मूल भावना को प्रतिबिंबित करती है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ें केवल आधुनिक संवैधानिक ढांचे में ही नहीं, बल्कि हमारी दीर्घ बौद्धिक और नैतिक परंपरा में भी निहित हैं, जहाँ शासन और सार्वजनिक जीवन को सत्य, उत्तरदायित्व, संवाद और मर्यादा के आधार पर संचालित करने की कल्पना की गई है।

उन्होंने भारतीय संसदीय परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्रीय विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में विट्ठलभाई पटेल ने अपने आचरण से यह स्थापित किया था कि अध्यक्ष का पद केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह सदन की निष्पक्षता, स्वतंत्रता और गरिमा का प्रतीक होता है। उन्होंने दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर नियमों और परंपराओं की रक्षा का जो आदर्श प्रस्तुत किया, उसने भारतीय संसदीय जीवन में अध्यक्ष पद की निष्पक्षता की स्थायी परंपरा स्थापित की।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि संविधान सभा की बहसों में भी लोकतंत्र के इन आदर्शों को अत्यंत गंभीरता और दूरदृष्टि के साथ अभिव्यक्त किया गया था। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्पष्ट कहा था कि संविधान कितना भी उत्कृष्ट क्यों न हो, यदि उसे संचालित करने वाले लोग उसके प्रति निष्ठावान नहीं होंगे, तो वह सफल नहीं हो सकेगा। यही दृष्टि आज भी हमारे संसदीय आचरण के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के संसदीय इतिहास में भी अनेक अवसर ऐसे आए हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बिहार में नहीं चला विपक्ष का दांव! राज्यसभा चुनाव में एनडीए ने कर दिया बड़ा खेला, पांचों सीटों पर क्लीन स्वीप

नई दिल्ली। देश की 37 राज्यसभा सीटों के लिए सोमवार सुबह 9 बजे से मतदान शुरू हो गया है। यह वोटिंग शाम 4 बजे तक चलेगी, जिसके बाद शाम 5 बजे से मतगणना शुरू होगी। उम्मीद है कि देर शाम तक सभी सीटों के नतीजे सामने आ जाएंगे।



बिहार में तीन कांग्रेस विधायकों ने अब तक वोट नहीं डाला है। तीनों के फोन भी बंद आ रहे हैं। तेजस्वी यादव की पार्टी आरजेडी को एक विधायक का इंतजार है। वह भी अब तक वोट डालने के लिए नहीं पहुंचे हैं। अब तक एनडीए की तरफ से 201 विधायक वोट डाल चुके हैं। जबकि महागठबंधन की तरफ 37 विधायकों ने वोट डाले हैं।

यह चुनाव देश के 10 राज्यों की 37 सीटों के लिए हो रहा है। हालांकि इनमें से कई सीटों पर तस्वीर पहले ही साफ हो चुकी है। सात राज्यों की कुल 26 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा चुके हैं। अब मुकाबला मुख्य रूप से तीन राज्यों हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 सीटों पर हो रहा है। इन सीटों के लिए कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनके बीच मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। मौजूदा स्थिति में 37 सीटों में से 25 सीटें INDIA Alliance के पास हैं, जबकि 12 सीटें National Democratic Alliance (NDA) के खाते में हैं। हालांकि चुनाव परिणाम आने के बाद यह आंकड़े बदल सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस चुनाव में NDA को लगभग 8 सीटों का फायदा हो सकता है, जिससे राज्यसभा में उसका आंकड़ा और मजबूत हो सकता है। इस चुनाव की खास बात यह भी है कि नीतिश कुमार पहली बार राज्यसभा के सदस्य बनने जा रहे हैं। बिहार की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय रहने के बावजूद वह अब तक लोकसभा या राज्यसभा के सदस्य नहीं रहे थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वांगचुक की रिहाई के दो दिन बाद लेह में प्रदर्शन: कारगिल बंद रहा; आंदोलनकारियों ने लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग की

लेह। लद्दाख में सोमवार को बंद रहा और हजारों लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। लोग पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के तहत सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। लेह और कारगिल में बाजार बंद रहे। लोग बैनर लेकर बाजारों में मार्च करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगा रहे थे।




यह बंद एपेक्स बॉडी लेह और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस ने बुलाया था। ये संगठन केंद्र सरकार से बातचीत कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। लेह-लद्दाख में प्रदर्शन पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की रिहाई के दो दिन बाद हुए। वांगचुक को करीब छह महीने तक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में रखा गया था। रैली का नेतृत्व LAB के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने किया। प्रदर्शनकारी सिंगे नामग्याल चौक से लेह के पोलो ग्राउंड तक मार्च करते हुए गए। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। कुछ प्रदर्शनकारी उन चार लोगों की तस्वीरें भी लेकर चल रहे थे, जिनकी पिछले साल सितंबर में पुलिस फायरिंग में मौत हो गई थी। उस समय LAB की रैली के दौरान हालात हिंसक हो गए थे। लद्दाख के पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने सिंगे नामग्याल चौक पहुंचकर रैली स्थल का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस और सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली। लेह में पत्रकारों से बात करते हुए चेरिंग दोरजे ने कहा कि प्रशासन ने कई सड़कें बंद कर दी थीं और कुछ प्रतिबंध भी लगाए थे। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया, इसके लिए उन्होंने जनता को बधाई दी और रैली को बड़ी सफलता बताया। चेरिंग दोरजे ने कहा, कुछ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चुनाव से पहले एक्शन मोड में ईसीआई: बदले गए बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी, कई बड़े अफसरों पर भी गिरी गाज

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के तुरंत बाद निर्वाचन आयोग (ईसी) ने राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ी सर्जरी की है। आयोग ने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए राज्य की वर्तमान मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पीयूष पांडे को उनके पदों से हटा दिया है। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि हटाए गए अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी चुनावी जिम्मेदारी में शामिल नहीं किया जाएगा। यह फैसला राज्य में चुनावी तैयारियों की समीक्षा के बाद लिया गया है।

### सिद्धार्थ नाथ गुप्ता संभालेंगे पुलिस की कमान

राज्य के नए पुलिस महानिदेशक के रूप में 1992 बैच के अनुभवी IPS अधिकारी सिद्धार्थ नाथ गुप्ता को नियुक्त किया गया है। गुप्ता को कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर बेहद सख्त और कुशल अधिकारी माना जाता है। उनके पास तीन दशकों का लंबा अनुभव है, जिसमें उन्होंने नंदीग्राम हिंसा, लालगढ़ का नक्सली आंदोलन और दार्जिलिंग के गोरखालैंड आंदोलन जैसी बेहद जटिल स्थितियों को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई है। राज्य में सांप्रदायिक तनाव और दंगों जैसी स्थितियों को संभालने का उनका अनुभव आगामी चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।




### दुष्यंत नारियाला बने नए मुख्य सचिव

पुलिस प्रशासन के साथ-साथ राज्य की नौकरशाही में भी शीर्ष स्तर पर बदलाव किया गया है। वरिष्ठ IAS अधिकारी दुष्यंत नारियाला को पश्चिम बंगाल का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने संघमित्रा घोष को प्रमुख सचिव (गृह और पर्वतीय मामले) के पद पर तैनात करने का आदेश दिया है। आयोग ने राज्य सरकार को सख्त लहजे में कहा है कि इन नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए और नए अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना कार्यभार ग्रहण करें।

### कोलकाता पुलिस कमिश्नर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी बदले

इस फेरबदल की आंच कोलकाता पुलिस मुख्यालय तक भी पहुंची है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## धर्मांतरण विधेयक को लेकर भूपेश बघेल का हमला, कहा - सरकार फंसी तो राज्यपाल ने लौटाया बिल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धर्मांतरण कानून को लेकर राज्य सरकार और राजभवन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि जब सरकार इस मामले में फंस गई तो राज्यपाल तारणहार बन गए और पुराने विधेयक को वापस लौटा दिया।



भूपेश बघेल ने अपने पोस्ट में सवाल उठाते हुए कहा कि यह भी बताया जाना चाहिए कि यह विधेयक अब तक लंबित क्यों रखा गया था और इसे अभी वापस लौटाने की जरूरत क्यों पड़ी। उन्होंने कहा कि अच्छा है कि माननीय राज्यपाल ने पुराने विधेयकों को निपटाने की प्रक्रिया शुरू की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उनकी सरकार के कई विधेयक लंबे समय से राजभवन में लंबित पड़े हैं और उन पर भी जल्द निर्णय लिया जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से सर्वसम्मति से पारित ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक का उल्लेख करते हुए कहा कि राजभवन को या तो उसे स्वीकृति देनी चाहिए या वापस लौटा देना चाहिए। भूपेश बघेल ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की मंशा साफ होनी चाहिए कि वह ओबीसी समाज को आरक्षण देना चाहती है या नहीं। उनके इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर आरक्षण और विधेयकों को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

# बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन शुरू, 350 शिक्षक जांचेंगे 62 हजार कापियां



दो चरणों में संपन्न होगा कार्य, कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच कॉपियों की जांच के लिए दी गई ब्रिफिंग

राजनांदगांव (दावा)। जिले में दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न होने के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य सोमवार, 16 मार्च से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। शहर के स्टेट स्कूल को इसके लिए समन्वयन केंद्र बनाया गया है। जहां पहले चरण में करीब 62 हजार कॉपियों की जांच की जाएगी। मूल्यांकन के सह-केद्राध्यक्ष शारदा प्रसाद तिवारी ने बताया कि कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 350 अनुभवी शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को सभी मूल्यांकनकर्ताओं की ब्रिफिंग की गई, जिसमें उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मूल्यांकन शुरू करने से पहले प्रत्येक शिक्षक को ट्रायल के तौर पर 5-5 कापियां जांचने के लिए दी जाएंगी, ताकि त्रुटि की गुंजाइश न रहे।

### दो चरणों में पहुंचेंगी करीब 1.50 लाख कापियां

प्राचार्य व केद्राध्यक्ष माधोसिंह एवं परीक्षा पर्यवेक्षक मनोज चौहान के अनुसार मूल्यांकन कार्य दो चरणों में पूरा होगा। जिसमें पहले चरण में वर्तमान में 10वीं की 44,500 और 12वीं की 17,330 कापियां (कुल लगभग 62,000) आई हुई हैं। वहीं दूसरे चरण में यह प्रक्रिया 27 अप्रैल तक चलेगी। जिसमें जिले की कुल मिलाकर करीब डेढ़ लाख उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का अनुमान है।

### कड़ी सुरक्षा और व्यवस्थित कक्ष

मूल्यांकन केंद्र में गोपनीयता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। स्कूल परिसर में 10 से 12 विशेष कक्ष तैयार किए गए हैं। मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि से बचने के लिए प्रत्येक शिक्षक द्वारा प्रतिदिन जांची जाने वाली कापियों की संख्या भी निर्धारित कर दी गई है। केंद्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बड़ा दी गई है ताकि मूल्यांकन कार्य बिना किसी व्यवधान के समय पर पूरा हो सके। शिक्षा विभाग ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए जिले के सबसे अनुभवी शिक्षकों की सूची तैयार की है। विभाग का लक्ष्य है कि मूल्यांकन कार्य पूरी पारदर्शिता और शुद्धता के साथ तय समय सीमा के भीतर संपन्न कर लिया जाए, ताकि परिणाम घोषित करने में देरी न हो।

## पहला कॉलम...

### आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की परिचयात्मक बैठक



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजनांदगांव द्वारा संगठन को मजबूती देने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू के नेतृत्व में यह परिचयात्मक बैठक मंगलवार 17 मार्च को दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय राजनांदगांव में आयोजित होगी। बैठक में मोर्चा के ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का परिचय होगा और आगामी सांगठनिक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने मोर्चा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें। बैठक में जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के भी शामिल होने की संभावना है।

### आज रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 17 मार्च को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में परिश्रम ह्युमन रिसोर्स गुरूग्राम दिल्ली द्वारा मिटर इंस्टोलेशन के 400 पद एवं एलर्ट एसजीएस प्राईवेट लिमिटेड लालपुर रायपुर द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 150 पद, लेडी गार्ड के 10 पद, मार्केटिंग के 8 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 4 पद, कारपेंटर के 4 पद, सुपरवाईजर के 5 पद तथा एलआईसी ऑफ इंडिया मातृछाया परिसर अनुपम नगर राजनांदगांव द्वारा बीमा शक्ति के 100 पद पर भर्ती की जाएगी। भर्ती के लिए इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित हो सकते है। ई-रोजगार के पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन पूर्व से पंजीकृत आवेदकों द्वारा नये पोर्टल पर अपडेट एवं प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य है।

### शकुंतला तेजवानी का निधन



राजनांदगांव(दावा)। स्थानीय जीवन कालोनी बर्फानी आश्रम के पीछे निवासी स्व. लक्ष्मण दास तेजवानी की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला तेजवानी का आज निधन हो गया। वे आवतराम, अशोक कुमार, पहलाज, हरिराम तेजवानी की भाभी तथा राजेश, कमलेश, अमित, लक्की तेजवानी की माता व संजय तेजवानी की चाची थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। इनकी अंतिम यात्रा आज 17 मार्च मंगलवार को सुबह 11बजे उनके निज निवास से मुक्तिधाम के निकलेगी।

### कुसुमलता देवी अग्रवाल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शहर के एनएन कंप्यूटर के संचालक नितिन अग्रवाल की माताजी श्रीमती कुसुमलता देवी अग्रवाल (71 वर्ष), धर्मपत्नी किशन लाल मेहाडिया का निधन सोमवार 16 मार्च को हो गया। उनके निधन से परिवारजनों एवं परिचितों में शोक व्याप्त है। परिजनों के अनुसार दिवंगत कुसुमलता देवी अग्रवाल की अंतिम यात्रा आज दोपहर 4:30 बजे उनके निज निवास, गायत्री स्कूल के पास केसर नगर से निकलकर लखोली मुक्तिधाम में जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्व. कुसुमलता देवी अपने पीछे तीन पुत्र गिरधर अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल तथा एक पुत्री कविता अग्रवाल सहित नाती-पोते और भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## मनरेगा बचाओ संग्राम : विधानसभा घेराव के लिए राजनांदगांव से रायपुर कूच करेंगे सैकड़ों कांग्रेसी



जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने ब्लॉकों में ली बैठक, आंदोलन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 17 मार्च 2026 को रायपुर में आयोजित होने वाले 'मनरेगा बचाओ संग्राम' को लेकर राजनांदगांव जिले में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस आंदोलन के तहत प्रस्तावित विधानसभा घेराव को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले के सभी ब्लॉकों में बैठकें कर कार्यकर्ताओं की रणनीति तैयार की है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में किए गए श्रमिक विरोधी परिवर्तनों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान द्वारा जारी बयान के अनुसार जिले के सभी ब्लॉकों में कार्यकर्ताओं को आंदोलन की रूपरेखा समझा दी गई है। विपिन यादव ने बताया कि राजनांदगांव जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मंगलवार को रायपुर पहुंचेंगे और श्रमिकों व ग्रामीणों के अधिकारों की आवाज बुलंद करेंगे। विपिन यादव ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गरीबों की जीवनरेखा है। वर्तमान सरकार इसके स्वरूप को कमजोर कर जनविरोधी निर्णय ले रही है। उन्होंने जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रायपुर पहुंचकर इस घेराव कार्यक्रम को सफल बनाएं। यादव ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी श्रमिकों और किसानों के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी।

## महापौर ने किया मोतीपुर वार्ड का पैदल निरीक्षण, बड़े तालाब और उद्यान का होगा कायाकल्प



स्वच्छता सर्वेक्षण में नागरिकों से मांगा सहयोग, तालाब संरक्षण और उद्यान जीर्णोद्धार के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। सुबह वार्ड निरीक्षण की कडी में महापौर मधुसूदन यादव शहर के शीर्ष वार्ड में मोतीपुर क्षेत्र मे लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा के साथ पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से पानी सफाई के साथ-साथ वार्ड विकास के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने मोतीपुर बड़े तालाब की सफाई करने तथा उद्यान का जीर्णोद्धार करने के निर्देश दिए। महापौर ने मोतीपुर में सघन भ्रमण कर वार्डवासियों से रूबरू हो पानी सफाई संबंधी चर्चा कर कहा कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को देखकर नगर निगम द्वारा साफ-सफाई मे विशेष ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन सर्वेक्षण मे आप लोगो का सहयोग अपेक्षित है। आप लोग स्वच्छता से जुडे और अपने लोगों को भी इससे जोड़े। बिना आपके सहयोग के हमारा शहर सर्वेक्षण में अच्छा अंक प्राप्त नहीं कर सकता। उन्होंने सफाई अमला से भी कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप सभी क्षेत्रों में साफ सफाई रखे एवं लोगों को स्वच्छता से जोड़े। मोतीपुर बड़े तालाब निरीक्षण के दौरान महापौर ने सफाई अमला से कहा कि तालाब के किनारे साफ सफाई करें, तालाब में गंदगी न डालने बोर्ड लगावे, तालाब के आसपास आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने नागरिकों से भी कहा कि तालाब में कचरा न डालें, क्योंकि तालाबों को संरक्षण नितांत आवश्यक है और निस्तारी के लिए अच्छा साधन है। इसी दौरान उद्यान का जायजा लेकर नागरिकों से चर्चाकर कहा कि उद्यान का मरम्मत कर भ्रमण एवं मनोरंजन के लिए आवश्यक व्यवस्था जल्द सुनिश्चित किया जाएगा।

## प्रतिष्ठित व्यवसायी सिद्दीक कुरैशी का निधन



छुरिया (दावा)। नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी सिद्दीक कुरैशी का सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे उनके निज निवास पर इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे नगर और व्यापारिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिद्दीक कुरैशी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बेहतर उपचार के लिए उन्हें मुंबई, नागपुर और रायपुर के बड़े अस्पतालों में भी ले जाया गया था। जहां उनका इलाज जारी था। सोमवार दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे दो पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। सिद्दीक कुरैशी अपने मृदुभाषी और मिलनसार स्वभाव के कारण समाज के हर वर्ग में काफी लोकप्रिय थे। उनके निधन को नगर के व्यापारिक और सामाजिक क्षेत्र के लिए एक बड़ी क्षति माना जा रहा है। उनकी अंतिम यात्रा आज उनके गृह निवास से निकाली जाएगी, जिसमें परिवार, रिश्तेदारों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होंगे। तत्पश्चात स्थानीय कब्रिस्तान में पूरे रीति-रिवाज के साथ उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। उनके निधन पर नगर के विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक और राजनीतिक संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## अग्निवीर भर्ती : निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग के लिए 20 अप्रैल तक आवेदन

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय थल सेना में अग्निवीर बनकर देश सेवा का सपना देख रहे युवाओं के लिए राजनांदगांव जिला प्रशासन ने एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है। सेना भर्ती की ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) की तैयारी हेतु जिले के पात्र अभ्यर्थियों को निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग प्रदान की जाएगी। इसके लिए इच्छुक युवा 20 अप्रैल तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अग्निवीर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवाओं को सबसे पहले भारतीय थल सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर 1 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पंजीकृत अभ्यर्थियों की ऑनलाइन परीक्षा जून माह में आयोजित होने की संभावना है। ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी निःशुल्क कोचिंग का लाभ लेने के लिए 20 अप्रैल तक निम्नलिखित माध्यमों से अपना विवरण दर्ज करा सकते हैं। गूगल लिंक से प्रशासन द्वारा जारी फॉर्म लिंक (https://forms.gle/...) और क्यूआर कोड के माध्यम से। सीधे कार्यालय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में उपस्थित होकर। आवेदन करते समय अपना नाम, सेना भर्ती का पंजीयन क्रमांक, व्हाट्सएप नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी या तकनीकी सहायता के लिए कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07744-299523 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को सेना में भर्ती के लिए मानसिक और शैक्षणिक रूप से तैयार करना है।

## श्री मिथिला धाम में हिंदू नववर्ष व नवरात्रि पर होंगे भव्य आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर (मोनी बाबा आश्रम) में विभिन्न धार्मिक व सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की गौरवशाली परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी माँ बमलेश्वरी के दर्शन हेतु निकलने वाले पदयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मोनी बाबा आश्रम में पदयात्रियों के लिए मौनी बाबा का भंडारा आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा पदयात्रियों के स्नान, विश्राम और भोजन के लिए मंदिर परिसर में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए समिति के सदस्य सक्रिय रहेंगे। विश्व कल्याण की मंगल कामना हेतु मौनी बाबा के मार्गदर्शन में मंदिर में घृतज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। भक्तिमय वातावरण को और अधिक जीवंत बनाने के लिए मिथिला धाम भजन मंडली द्वारा प्रतिदिन संध्या समय में भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी (महान त्यागी बाबा) ने संस्कारधानी की समस्त धर्मप्रेमी जनता से इन आयोजनों में शामिल होने और दर्शन लाभ लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-4-9
249-5 224-8

राजधानी
3-6-7
456-5 899-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### NAME CHANGE

NOTICE IS HEREBY GIVEN TO THE GENERAL PUBLIC THAT I, YOGESH GANGWANI, SON OF DAYAL DAS GANGWANI, RESIDING AT LALBAGH, RAJNANDGAON (C.G.), DO HEREBY SOLEMNLY DECLARE ON OATH THAT I HAVE RENOUNCED MY FORMER NAME AND HAVE ADOPTED THE NEW NAME YOGESH KUMAR GANGWANI, SON OF DAYAL DAS GANGWANI. THERE FORE, EFFECTIVE FROM TODAY, I SHALL BE KNOWN AND IDENTIFIED IN ALL MY GOVERNMENT, SEMI- GOVERNMENT, AND OTHER DOCUMENTS SOLELY BY MY NEW NAME :YOGESH KUMAR GANGWANI, SON OF DAYAL DAS GANGWANI.

**YOGESH KUMAR GANGWANI**
ADD - GALI NO.07, SINDHI COLONY, LALBAGH, RAJNANDGAON (C.G.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क. 202603095300007
ब-121 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक विष्णुराम वर्मा पिता भागीरथी वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम ढारा तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने नाति समीर पिता लक्ष्मेन्द्र कुमार वर्मा का दिनांक 13.02.2009 को ग्राम ढारा में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/ मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने नाति समीर वर्मा पिता लक्ष्मेन्द्र का दिनांक 13.02.2009 को ग्राम ढारा में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 24/03/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

## कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छ.ग. )

**-:: सार्वजनिक सूचना ::-**

कमांक/1076/भू-अर्जन/भूक्रनी/2025 राजनांदगांव, दिनांक 09/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत राजनांदगांव - अर्जुन्दा - गुण्डरदेही (राज्य मार्ग क्र. 23) के कि.मी. 15/8 पर स्थित खरखरा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य में प्रभावित ग्राम कुम्हालोरी प.ह.नं.52. रा.नि.मं. सुरगी, तहसील व जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (सेतु) संभाग दुर्ग राजनांदगांव के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है

| क्र | भूधारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हे.में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | श्री अजीत साहू पिता हलालखोर जाति तेली, अन्य पिछडा वर्ग | 214/1<br>215/2 | 0.103 | 0.103 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| 2. | श्री ताम्रध्वज साहू पिता चमरूराम, श्री अशोक कुमार साहू पिता चमरूराम, श्री चित्ररेखा साहू पिता चमरूराम, ईश्वरीदेवी साहू पिता चमरूराम, रुखमणी साहू पिता चमरूराम, राधा साहू पिता चमरूराम, मीरा आडिल पिता चमरूराम, श्यामबाई साहू पिता चमरूराम, कमला बाई साहू पिता चमरुराम, जाति तेली अन्य पिछड़ा वर्ग | 215/1 | 0.091 | 0.091 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| | योग-02 | 03 | 0.194 | 0.194 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**कलेक्टर, जिला-राजनांदगांव**

## कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छ.ग. )

**-:: सार्वजनिक सूचना ::-**

क्रमांक/814/भू-अर्जन/भूक्रनी/2025 राजनांदगांव, दिनांक 03/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत राजनांदगांव - अर्जुन्दा - गुण्डरदेही (राज्य मार्ग क्र. 23) के कि.मी. 15/8 पर स्थित खरखरा नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य में प्रभावित ग्राम सुरगी प.ह.नं.52. रा.नि.मं. सुरगी, तहसील व जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारक की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, दुर्ग राजनांदगांव के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है :-

| क्र | भूधारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हे.में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | श्री नरेश साहू पिता बेनीराम/ श्री रूपेश साहू पिता बेनीराम, जाति तेली, अन्य पिछड़ा वर्ग | 569 | 0.368 | 0.194 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| 2. | श्री ताम्रध्वज साहू पिता चमरूराम, श्री अशोक कुमार साहू पिता चमरूराम, श्री चित्ररेखा साहू पिता चमरूराम, ईश्वरीदेवी साहू पिता चमरूराम, रुखमणी साहू पिता चमरूराम, राधा साहू पिता चमरूराम, मीरा आडिल पिता चमरूराम, श्यामबाई साहू पिता चमरूराम, कमला बाई साहू पिता चमरुराम, जाति तेली अन्य पिछड़ा वर्ग | 572/1 | 0.296 | 0.012 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| | योग-02 | 02 | 0.664 | 0.206 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**कलेक्टर, जिला-राजनांदगांव**

## कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छ.ग. )

**-:: सार्वजनिक सूचना ::-**

कमांक/1082/भू-अर्जन/भूक्रनी/2025 राजनांदगांव, दिनांक 09/03/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत राजनांदगांव- LD-477 रेल्वे द्वारा रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य प्रयोजन हेतु प्रभावित ग्राम चिद्दो प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. चौथना, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारक की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग दुर्ग-राजनांदगांव के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है:-

| क्र | भूधारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हे.में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | ओमप्रकाश सेन ऐजनबाई, कमलाबाई, किरणबाई पिता किशन, जानीबाई पति किशन, जाति नाई | 59/3<br>59/4 | 0.349<br>0.244 | 0.182 | सिंचित भूमि |
| 2. | नीतीन पिता नंदलाल / ननकी उर्फ नितेश्वरी बेवा नंदलाल / भूषण पिता तीजूराम, जाति तेली | 60/1 | 0.284 | 0.036 | सिंचित भूमि |
| 3. | रामलाल पिता मनोहर जाति कलार | 60/5<br>60/9 | 0.113<br>0.088 | 0.044 | सिंचित भूमि |
| 4. | माहरु पिता हरदयाल, जाति कंवर | 61/1 | 0.195 | 0.085 | सिंचित भूमि |
| 5. | छगन, सियाराम भारत पिता भैय्याराम/जगेश्वरी, गायत्री, लता पिता लखन / रेवतीबाई बेवा भैय्याराम, / बयलबाई पिता कार्तिकराम उर्फ लक्ष्मण, जाति मरार | 62/1 | 0.648 | 0.218 | सिंचित भूमि |
| 6. | शत्रुहन पिता अलाली राम, जाति गोंड | 562/1 | 0.117 | 0.061 | सिंचित भूमि |
| 7. | हेमंतदास, हुजूरदास पिता लक्ष्मणदास / खेदिया बेवा लक्ष्मणदास / फगनी, लक्ष्मी पिता दयालदास, जाति पनका | 563/3 | 0.162 | 0.1 | सिंचित भूमि |
| 8. | जंत्रीबाई पिता ईमानसिंग, जाति कंवर | 565/3 | 0.194 | 0.089 | सिंचित भूमि |
| | योग- | 10 | 2.394 | 0.796 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**कलेक्टर, जिला-राजनांदगांव**









# अंडरब्रिज निर्माण में देरी का दंश झेल रहे शहरवासी, ओवरब्रिज पर सप्ताह भर में तीसरी बार लगा लंबा जाम



स्टेशन पारा और गौरी नगर अंडरब्रिज के लिए रेलवे ब्लॉक का इंतजार, सांसद के हस्तक्षेप से ही सुलभ होगा रास्ता

राजनांदगांव (दावा)। शहर का स्टेशन पारा रेल्वे अंडर ब्रिज आए दिन यातायात जाम की वजह से लोगों की सिर दर्दी का कारण बना हुआ है। अंडर ब्रिज निर्माण में देरी होने की वजह से न केवल लोगों को आए दिन ओवर ब्रिज से गुजरने में जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। रविवार को उक्त ओवर ब्रिज में एक चार पहिया वाहन में खराबी आ जाने के कारण लंबा जाम लग गया। इससे जाम में फंसकर लोग छटपटाते रहे, लेकिन किया क्या जा सकता है। पहले ब्रिज की सड़क थोड़ी चौड़ी होने से लोग बाएं-दाएं से होकर निकल जाते थे, लेकिन उक्त ब्रिज के बीचोंबीच रोड डिवाइडर बना दिए जाने से जाम में फंसे लोगों का कहीं से भी गुजर पाना मुश्किल हो गया है। लिहाजा जाम में फंसकर वाहन चालकों को छटपटा कर रह जाने के सिवाय कोई चारा नहीं है। बताया जा रहा है कि अप्रेल मई में अंडर ब्रिज के बचे शेष काम पूरा हो सकता है। इससे लोगों को राहत मिलेगी।

### अंडर ब्रिज निर्माण में देरी से बढ़ रही परेशानी

बता दें कि वैश्विक महामारी कोरोना के बाद स्टेशन पारा चिखली में रेल्वे का अंडर ब्रिज निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। लेकिन उक्त निर्माण कार्य में ज्यादातर अड़काव होने की वजह से आज तक काम पूरा नहीं हो पाया है। स्टेशन पारा अंडर ब्रिज के काफी बाद गौरी नगर अंडर ब्रिज का काम शुरू हुआ जो कि अब वह पूरा होने की कगार पर है। केवल ब्लाक का काम बचा हुआ है। रेल मंत्रालय दिल्ली से ओ के हो जाए तो अंडर ब्रिज खुल सकता है। इधर स्टेशन पारा वाले अंडर ब्रिज के काम में कभी नगर निगम पाइप लाइन की शिफ्टिंग को लेकर तो कभी ब्रिज की पायली बनाने के काम तो कभी पानी बरसात के समय काम नहीं होने के चलते इस अंडर ब्रिज का काम आज तक पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि क्षेत्र के पार्षद व अन्य लोग धरना प्रदर्शन व अन्य माध्यमों से रेल्वे का ध्यान लगातार आकृष्ट करने में लगे हुए हैं लेकिन काम बनता नजर नहीं आ रहा है।

### अंडर ब्रिज शुरू होने में ब्लाक बना अवरोध

रेल्वे सूत्रों की मानें तो स्टेशन पारा व गौरी नगर अंडर ब्रिज शुरू होने के कार्य में केवल ब्लाक ही अवरोध बना हुआ है। बताया जाता है कि उक्त दोनों अंडर ब्रिज शुरू करने के लिए उसके शेष बचे हुए कार्य के लिए इस रुट में चलने वाली गाड़ियों को कुछ देर के लिए खड़ी रखना जरूरी है। तब ही ब्लाक का काम पूरा किया जा सकेगा। उक्त गाड़ियों को थोड़ी देर के लिए रोके जाने का कार्य दिल्ली रेल मंत्रालय के ओ के किए जाने पर ही हो सकता है। यह सांसद के लेबल की बात है। उनके द्वारा यह कार्य कराया जा सकता है लेकिन कोई सामने आना नहीं चाहते। इसलिए शहर के दोनों अंडरब्रिज का काम रुका पड़ा है। जिसका खामियाजा लोगों को आए दिन ओवर ब्रिज में लगने वाले यातायात जाम के रुप में भुगतना पड़ रहा है।

### ओवर ब्रिज की चौड़ाई में होगी वृद्धि

रविवार को उक्त रेल्वे ओवर ब्रिज में एक बड़ा चारपहिया वाहन में खराबी आने से दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। बता दें कि यह सप्ताह भर में तीसरी घटना है। इसके पहले दो वाहनों में आमने-सामने से भिड़ंत हो जाने से देर तक मार्ग अवरूद्ध रहा। इसके बाद एक ई- रिक्शा में खराबी होने से से ओवर ब्रिज में जाम का माहौल निर्मित हो गया। अब महावीर चौक से चिखली की ओर जा रही एक कार में खराबी आने से जाम की स्थिति बनी।बताया जाता है कि एक ट्रक के ओवर टेक करने के चक्कर में रांग साइड जाने से जाम की यह स्थिति निर्मित हुई। लोग आएं दिन इस तरह लगने वाले जाम से खासे परेशान हैं उनका कहना है कि अंडर ब्रिज निर्माण कार्य में जितनी जल्दी हो सके तेजी लाई जाए। तभी जाम से छुटकारा मिल पाएगा। अब तो यह भी जानने में आ रहा है कि उक्त ओवर ब्रिज को और भी चौड़ा किए जाने का प्रस्ताव है। यदि ऐसा होता है तो आसपास के घर मकान दुकानों का प्रभावित होना निश्चित है। बहरहाल अंडर ब्रिज निर्माण पूरा करने के लिए समवेत प्रयास किया जाना बहुत जरूरी है। तभी ओवर ब्रिज से आवागमन करने वाले लोगो को यातायात जाम व होने वाली दुर्घटनाओ से बचाया जा सकेगा।

# जनगणना 2026-27 : मकान नंबरिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश, आयुक्त ने की वार्डवार समीक्षा

### भवन नंबरिंग के आधार पर तय होंगे जनगणना ब्लॉक, लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को दी गई चेतावनी



राजनांदगांव (दावा)। भारत की जनगणना 2026-27 के लिए मकान सूचीकरण कार्य शासन के निर्देशानुसार अप्रैल से सितम्बर 2026 के मध्य निर्धारित 30 दिनों की अवधि में संचालित किया जाना प्रस्तावित है। निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा मकान सूचीकरण कार्य संपादित करने 1 मई से 30 मई तक निर्धारित किया गया है। जनगणना संबंधी दिशा निर्देश के परिपालन तथा प्रारंभिक तैयारी व मकान सूचीकरण का कार्य निगम सीमाक्षेत्र में किया जा रहा है। मकान नंबरिंग कार्य की प्रगति की जानकारी लेने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आज बैठक लेकर वार्डवार समीक्षाकर नम्बरिंग कार्य की प्र्गति की जानकारी ली।

आयुक्त ने बैठक में कहा कि, भवन नम्बरिंग के आधार पर जनगणना ब्लाकों का निर्धारण किया जायेगा। यह कार्य वार्ड के प्रभारी उप अभियंताओ के मार्गदर्शन में किया जाना है। उक्त कार्य तभी होगा जब मकान नंबरिंग कार्य पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि मकान नम्बरिंग के लिए 3-4 दिन का समय शेष है। नम्बरिंग कार्य पूर्ण करने कार्य में तेजी लावे और निर्धारित अवधी तक पूर्ण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जिनके सहयोगी कार्य नहीं कर रहे है, उन्हें चेतावनी दें। अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा कहा कि मकान, भवन नंबरिंग कार्य गंभीरता से करना है, जिसमें कोई भी भवन, मकान न छुटे। रिक्त भवन, बंद भवन को भी सूचीबद्ध करना है। उन्होंने कहा कि अपने वार्ड का एक नजरी नक्शा बनाकर रखे, एक बार में सही नक्शा नहीं बनेगा, नक्शा में रोड, गली का बराबर उल्लेख हो, इसके लिए अभी से कार्य करे, मकान/भवन के आधार पर एकानुपातिक नक्शा बनाना है। उसके आधार पर ब्लाक बनाया जाएगा। प्र. कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम ने कहा कि नक्शा जितना अच्छा बनेगा, उतना अच्छा ब्लॉक कटेगा। भवन, मकान, मंदिर आदि का चिन्ह बनाकर कार्य करें, जिससे नक्शा बनाने में सुविधा होगी।

# आज हड्डियों के खोखलेपन की जांच निःशुल्क, आरोग्यम क्लीनिक में लगेगा विशेष शिविर



राजनांदगांव (दावा)। आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में निःशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बीएमडी मशीन द्वारा ओस्टियोपोरोसिस (हड्डियों का खोखलापन) (1000 रुपए तक) की जांच निःशुल्क की जाएगी। शिविर में भिलाई के प्रसिद्ध हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग चंद्राकर निःशुल्क परामर्श व उपचार करेंगे। शिविर 17 मार्च को दोपहर 2 से 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसका निःशुल्क पंजीयन 4 बजे तक ही किया जाएगा।

### ऑस्टियोपोरोसिस बीमारी क्या होती है?

ऑस्टियोपोरोसिस का हिंदी में अर्थ 'हड्डियों का खोखलापन' है। यह एक हड्डी का रोग है। जिसमें हड्डियां खोखली और भुरभुरी हो जाती हैं। जिससे उनकी चोट (फ्रैक्चर) का खतरा काफी बढ़ जाता है। यह बीमारी आम तौर पर 30 वर्ष उम्र के बाद शुरु हो सकती है। विशेषकर महिलाओं में रजोनिवृत्ति या मेनोपॉज के बाद) शुरू होता है। जब हड्डियों का घनत्व तेजी से कम होने लगता है। साइलेंट डिजीजः इसे अक्सर 'मूक बीमारी' कहा जाता है क्योंकि हड्डी टूटने (फ्रैक्चर) तक इसके लक्षण महसूस नहीं होते। जोखिम कारक : कम उम्र में ही यदि आहार में कैल्शियम/विटामिन डी की कमी, धूम्रपान, या पारिवारिक इतिहास हो, तो यह बीमारी जल्दी शुरू हो सकती है। बदलती जीवन शैली व खान पान से यह समस्या बढ़ती जा रही है। सही समय पर जांच करवा कर इसके जोखिमो से बचा जा सकता है। आज ही बीएमडी मशीन से जांच करवा कर इसका उपचार करें। शिविर की अधिक जानकारी इस नंबर 7869899833 पर प्राप्त कर कर सकते हैं।

# आईपीएस संतोष सिंह अब संभालेंगे CISF की कमान, केंद्र में मिली बड़ी जिम्मेदारी



रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ कैडर के 2011 बैच के होनहार आईपीएस अधिकारी संतोष सिंह को केंद्र सरकार में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। हाल ही में रायपुर एसपी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके संतोष सिंह को अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) में उप-महानिरीक्षक (DIG) के पद पर नियुक्त किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उनकी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति को लेकर आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। संतोष सिंह वर्तमान में छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय में डीआईजी के पद पर तैनात हैं। अपनी विशिष्ट कार्यशैली और नवाचारों के लिए चर्चित आईपीएस संतोष सिंह ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में पुलिसिंग को एक नई दिशा दी है। अब केंद्र में डीआईजी सीआईएसएफ के तौर पर वे देश के महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रतिष्ठानों और हवाई अड्डों की सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंधन में अपनी सेवाएं देंगे।

# गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि पर भड़के संतोष पिल्ले, केंद्र सरकार पर साधा निशाना



नेता प्रतिपक्ष बोले- जब गैस की किल्लत नहीं तो अचानक दाम बढ़ाकर जनता पर क्यों डाला आर्थिक बोझ ?

राजनांदगांव (दावा)। रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में हाल ही में हुई लगभग 60 रुपये की बढ़ोतरी को लेकर नगर निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस वृद्धि को जनविरोधी बताते हुए इसे आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ करार दिया है। संतोष पिल्ले ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा नेता लगातार यह दावा कर रहे हैं कि देश में गैस सिलेंडर की कोई कमी या किल्लत नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि आपूर्ति पर्याप्त है और कोई किल्लत नहीं है, तो फिर अचानक कीमतों में इतनी बड़ी बढ़ोतरी करने का क्या औचित्य है? उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार आपदा और विपरीत परिस्थितियों में भी अवसर ढूंढकर आम लोगों का शोषण कर रही है।

### गरीब और मध्यम वर्ग की बढ़ेगी मुसीबत

पिल्ले ने कहा कि रसोई गैस पहले ही आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है। अब 60 रुपये की नई बढ़ोतरी से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ जाएगा। उन्होंने कहा, एक तरफ महंगाई से जनता की कमर पहले ही टूट चुकी है, ऊपर से गैस के दाम बढ़ाना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र सरकार से इस फैसले पर तत्काल पुनर्विचार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने दावों और हकीकत के बीच के विरोधाभास को दूर करना चाहिए और जनता को राहत प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर लगाम नहीं लगाई गई, तो जनता आने वाले समय में इसका करारा जवाब देगी।

# आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस प्रोग्राम से नगरवासियों ने सीखी जीवन जीने की कला

छह दिवसीय शिविर संपन्न, तनाव मुक्ति के लिए प्रतिभागियों ने सीखी सुदर्शन क्रिया



डोंगरगांव (दावा)। नगर के पुराना नगर पंचायत डोंगरगांव में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा 10 से 15 मार्च तक छः दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे तक आयोजित किया गया। इस शिविर में नगर सहित क्षेत्र के अनेक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर योग, प्राणायाम, ध्यान व सुदर्शन क्रिया सीखे। कार्यक्रम के आयोजक इंद्रकुमार साहू, आरडी मानिकपुरी, योग शिक्षिका सरिता साहू, देवेंद्र किशोर साहू, बंटी अग्रवाल, ललित देवांगन, कृष्ण कुमार साहू, मनीष ढोमणे, योगेश सहारे रहे। वहीं शिक्षक के रुप में भिलाई से हरजीत जी रहे। जिन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अस्तित्व के सात स्तर का बोध कराया जाता है. साथ ही श्वास प्रश्वास की प्रक्रिया सुदर्शन क्रिया सिखाया जाता है, जो कि सहज लयबद्ध शक्तिशाली तकनीक है। जिनके विशिष्ट प्राकृतिक लयों के प्रयोग से शरीर, मन और भावनाओं को एक लय में लेकर आती है। यह तकनीक तनाव, थकान और नकारात्मक भावनाओं जैसे क्रोध, निराशा, अवसाद से मुक्त कर शांत व एकाग्र मन, उर्जित शरीर और एक गहरे विश्राम लाती है। यह एक आध्यात्मिक खोज है जो हमें अनंत की झलक देती है।

## कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव ( छ.ग. )
## सार्वजनिक सूचना

क्रमांक /1086/ /भू-अर्जन/भूक्रनी/2025 राजनांदगांव, दिनांक 09.03.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि कय नीति, 2016 के तहत राजनांदगांव जिले के जटकन्हार- डोंगरगढ़ ( धुसेरा गेट ) के मानव लेबल कॉसिंग LC- 472 पर रेल्वे द्वारा रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य प्रयोजन हेतु प्रभावित ग्राम धुसेरा, प.ह.नं. 20.रा.नि.मं. बेलगांव, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारक की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, दुर्ग राजनांदगांव के पक्ष में कय किए जाने पर विचार किया जा रहा है -

| क्र. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हे. में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कीर्तन, हरिशचंद्र, ना.बा. गोलू पिता बिसेलाल जाति गोंड़ सा. धुसेरा | 370 | 0.162 | 0.040 | असिंचित |
| | | 374/4 | 0.057 | | |
| | योग | 02 | 0.219 | | |
| 2 | ठगिया पिता नोहरदास जाति पनका सा. धुसेरा | 374/1 | 0.183 | 0.016 | असिंचित |
| 3 | पिताम्बर पिता गोपाल पा.पि. गोपाल पिता बिहारी, नंदकुमार, विपिन कुमार पिता गोपाल, जाति कलार | 381 | 0.028 | 0.028 | असिंचित |
| 4 | संतोष पिता गरीबदास जाति तेली सा. धुसेरा | 382/2 | 1.398 | 0.149 | सिंचित |
| 5 | अशोक पिता मुनीराम जाति सामान्य सा. धुसेरा | 380 | 0.376 | 0.032 | असिंचित |
| 6 | शत्रुहन, युवराज, भरत, समयलाल, पिता शिवरात्री, रूपकुंवर, सुंतीकुंवर, कुंतीकुंवर पिता शिवरात्री, बसंताबाई बेवा शिवरात्री जाति कंवर सा. धुसेरा | 396 | 0.518 | 0.081 | सिंचित |
| 7 | सरोजबाई, लताबाई, ललिता पिता घसिया, दुर्पत बाई बेवा घसिया जाति कंवर, सा. धुसेरा | 397 | 0.356 | 0.093 | असिंचित |
| 8 | देवसिंग पिता रंजन, जाति गोंड, सा. धुसेरा | 581/3 | 0.251 | 0.162 | असिंचित |
| 9 | सुखचरण पिता सुरुजभान, जाति गोड़, सा. धुसेरा | 581/2 | 0.235 | 0.008 | असिंचित |
| 10 | जगन्नाथ पिता सुरजू, अमित, डुमेश पिता ईश्वरी, लछ्वंतीन बेवा ईश्वरी, ना.बा. विजय, ना.बा. वंदना पिता जगेशर, जगौती, सुखिया पिता सुरजू, सुखचरण पिता सूरजभान, कीर्तन, हरिचंद, ना.बा. नरोत्तम पिता बिसेलाल, विश्वनाथ पिता सूरजभान, ना.बा. देवेन्द्र, ना.बा. माया, ना.बा. मेनका पिता गन्नूलाल, उगेसिया बेवा गन्नुलाल, प्रीतलाल, प्रीतम पिता गुहरी, धिरजा, अनारबाई, पिता गुहरी, रमशीर बेवा गुहरी, जाति गोंड़, सा. देह | 582 | 0.247 | 0.235 | असिंचित |
| 11 | विष्णुराम पिता कंवलू, जाति गोंड सा. धुसेरा | 614/2 | 0.425 | 0.036 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| | | 614/3 | 0.186 | 0.045 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| | योग | 02 | 0.611 | 0.081 | |
| 12 | हंसराम पिता विष्णुराम जाति गोंड़ सा. धुसेरा | 614/4 | 0.243 | 0.028 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| 13 | संपत पिता अंजोरी, जानाबाई, जानकी बाई, कविता बाई पिता सगुन, जाति गोड़ सा. धुसेरा | 614/5 | 0.243 | 0.028 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| 14 | बिरसिंह पिता लक्ष्मण, विनोद कुमार पिता बुधारू,अवधेश, सोनी, सुखबती पिता बुधारू, नहरबाई बेवा बुधारू, धरम पिता लक्ष्मण मेहतरिन बेवा लक्ष्मण, जाति कंवर, सा. धुसेरा | 614/1 | 0.364 | 0.041 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| | योग | 16 | 5.272 | 1.022 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 ( पन्द्रह ) दिवस के भीतर स्वत: अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है.

कलेक्टर
जिला- राजनांदगांव ( छ.ग. )

## कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव ( छ.ग. )
## सार्वजनिक सूचना

क्रमांक /1084/ /भू-अर्जन/भूक्रनी/2025 राजनांदगांव, दिनांक 09.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत LC-469 रेल्वे द्वारा रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य प्रयोजन हेतु प्रभावित ग्राम मुसराकला प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. मुसराकला, तह. डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारक की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग दुर्ग/ राजनांदगांव के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है-

| क्र. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हे. में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संजय कुमार, प्रवीण कुमार, संध्याकिरण मिंज, पिता खिष्टकुमार | 48/1 | 0.275 | 0.405 | सिंचित भूमि |
| | | 48/4 | 0.708 | | |
| 2 | भारतलाल पिता रामेशर, जाति तेली | 59 | 0.279 | 0.154 | सिंचित भूमि |
| 3 | चन्द्रशेखर, प्रताप, नीलाम्बर, मैनाबाई, कुंतीबाई पिता कीर्तन | 60 | 0.028 | 0.024 | सिंचित भूमि |
| 4 | ललेश्वरी पिता सदाराम, जाति गोंड़ | 61 | 0.057 | 0.057 | सिंचित भूमि |
| 5 | परमिला बेवा चोवाराम, हिना न.बा.व. नीलम न.बा. पिता चोवाराम | 62/10 | 0.215 | 0.024 | सिंचित भूमि |
| 6 | सरोजनी बाई पति श्यामलाल | 62/7 | 0.182 | 0.024 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| | | 62/1 | 0.032 | | |
| 7 | चुरामन पिता मधुरराम, जाति तेली | 393/1 | 0.111 | 0.085 | सिंचित भूमि |
| 8 | जीवनलाल, सावित्री, सविता पिता विशाल, उर्मिलाबाई बेवा विशाल, मयंक नाबा. लेखा ना.बा. नंदनी नाबा. पिता जयकुमार, कविता बेवा जयकुमार, जाति तेली | 393/3 | 0.142 | 0.081 | मुख्य मार्ग की भूमि |
| | योग - | 10 | 2.029 | 0.854 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 ( पन्द्रह ) दिवस के भीतर स्वत: अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है.

कलेक्टर
जिला- राजनांदगांव ( छ.ग. )

## कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव ( छ.ग. )
## सार्वजनिक सूचना

क्रमांक /1018/ /भू-अर्जन/भूक्रनी/2025 राजनांदगांव, दिनांक 03.03.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत बाकल-मुसरा ( खपरीकला गेट ) मानव लेबल क्रासिंग क्रमांक 465 पर रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य हेतु प्रभावित ग्राम खपरीकला, प.ह.नं. 22, रा.नि.मं. तुमड़बोड़, तह. डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारक की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग दुर्ग के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है-

| क्र. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हे. में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घसनीन पिता शेखू, जाति लोधी, निवासी- ग्राम हरदी | 331/1 | 0.215 | 0.068 | असिंचित |
| 2 | चेतन लाल पिता जेठू, जाति धोबी | 331/2 | 0.316 | 0.080 | --''-- |
| 3 | सावित्री बाई पति गोवर्धन यादव, रूमबाई पति लोकूराम, जाति राउत | 330/1 | 0.275 | 0.137 | --''-- |
| 4 | मनोहर, गंगाबाई, आशाबाई सभी पिता बीरेदास, जाति सतनामी | 329/1 | 0.134 | 0.077 | --''-- |
| 5 | हिरामन पिता राजभवन, राकेश पिता राजभवन, जाति सतनामी | 329/3 | 0.223 | 0.089 | --''-- |
| | | 329/5 | 0.048 | | --''-- |
| 6 | शंकर, धिराजी उर्फ पिवन्तरीन, सोनकुंवर उर्फ रीनकुंवर सभी पिता बिरेदास, जाति सतनामी | 329/4 | 0.081 | 0.040 | --''-- |
| 7 | कमल सिंह, नारायण दुलौरिन, शिवकुमार सभी पिता सुखचरण, जाति सतनामी | 327/2 | 0.089 | 0.024 | --''-- |
| 8 | नारायण पिता सुखचरण, जाति सतनामी | 328/1 | 0.373 | 0.073 | मुख्य मार्ग/ असिंचित भूमि |
| 9 | हेमलाल पिता मनहोरी, जाति कंवर | 328/2 | 0.064 | 0.004 | --''-- |
| 10 | गोविन्द लाल पिता मनहोरी, जाति कंवर | 328/4 | 0.065 | 0.032 | असिंचित |
| 11 | भागवत दास पिता रामा, जाति तेली | 597/8 | 0.627 | 0.279 | --''-- |
| | | 597/5 | 0.198 | | |
| 12 | बल्देव रामा पिता रामा, जाति तेली | 597/6 | 0.627 | 0.125 | --''-- |
| | | 597/2 | | | |
| 13 | बीरबल पिता रामा जाति तेली | 597/7 | 0.474 | 0.069 | --''-- |
| 14 | विवेक प्रसाद पिता देवनारायण प्रसाद, जाति तेली | 596/1 | 0.092 | 0.069 | असिंचित |
| | योग - | 17 | 3.901 | 1.166 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 ( पन्द्रह ) दिवस के भीतर स्वत: अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है.

कलेक्टर
जिला- राजनांदगांव ( छ.ग. )

## कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव ( छ.ग. )
## सार्वजनिक सूचना

क्रमांक /528/ /भू-अर्जन/भूक्रनी/2025 राजनांदगांव, दिनांक 11.02.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत टूरीपार से कलेवा मार्ग में नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के कार्य हेतु प्रभावित ग्राम कलेवा, प.ह.नं. 04, रा.नि.मं. घुमका, तह. घुमका, जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारक की भूमि की आववश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, राजनांदगांव के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है.

| क्र. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हे. में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिजेलाल पिता बालाराम लोधी, सा. कुवांरझोरकी | 582 | 0.202 | 0.004 | असिंचित कृषि भूमि |
| 2 | लतखोर पिता मतीराम, जाति लोधी, सा. देह | 583 | 0.239 | 0.014 | --''-- |
| 3 | रतनु पिता बलीराम, जाति सा. देह | 584/1 | 0.020 | 0.008 | --''-- |
| 4 | भोलाराम पिता रामबृज, जाति साहू, सा. देह | 584/2 | 0.020 | 0.008 | --''-- |
| 5 | बरातु राम, रामलाल, भगवंतीन, सुरती बाई सभी के पिता रमेशर, सा. देह, जाति तेली | 584/3 | 0.020 | 0.008 | --''-- |
| 6 | राधेश्याम पिता मिट्ठू, जाति साहू, सा. देह | 584/4 | 0.020 | 0.008 | --''-- |
| 7 | रामातीर्थ पिता मिट्ठू, जाति साहू | 584/5 | 0.020 | 0.008 | --''-- |
| 8 | रामअवतार पिता मिट्ठू, जाति साहू | 584/6 | 0.020 | 0.008 | --''-- |
| 9 | विजय कुमार पिता रामईश्वरी, जाति साहू, सा. देह | 584/7 | 0.024 | 0.008 | --''-- |
| 10 | रामईश्वरी पिता मिट्ठू, जाति साहू | 584/8 | 0.020 | 0.008 | |
| 11 | कुंतीबाई पति रामखिलावन, वेनुधर, ममता साहू, सुनीता साहू, केशरी साहू सभी के पिता रामखिलावन, जाति साहू | 584/9 | 0.025 | 0.008 | |
| | योग- 05 | 05 | 2.611 | 0.3383 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 ( पन्द्रह ) दिवस के भीतर स्वत: अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है.

कलेक्टर
जिला- राजनांदगांव ( छ.ग. )

# साइबर ठगी के 85 लाख प्रार्थी को मिले वापस, राजनांदगांव पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी रिकवरी



राजनांदगांव (दावा)। जिले में ऑनलाइन निवेश के नाम पर हुई करोड़ों की ठगी के मामले में राजनांदगांव पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी सफलता हासिल की है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ठगी गई राशि में से 85,00,031 (पिचासी लाख इकतीस रुपये) प्रार्थी को वापस करा दिए हैं।

साइबर फ्रॉड के मामलों में जिले के इतिहास में यह पहली बार है जब एक साथ इतनी बड़ी राशि पीड़ित को लौटाई गई है। डोंगरगांव निवासी प्रार्थी विपिन कुमार गोस्वामी को 'पॉलीस फाइनेंस लिमिटेड' नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों ने अधिक लाभ का झांसा दिया था। प्रार्थी ने अलग-अलग किस्तों में कुल 1,14,52,000 रूपए निवेश कर दिए। जिसके बाद उसे धोखाधड़ी का अहसास हुआ। डोंगरगांव थाने में इस संबंध में अपराध क्रमांक 15/2026 के तहत बीएनएस और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

**डोंगरगांव के ग्रामीण से हुई थी 1.14 करोड़ की ठगी, पुलिस ने 397 बैंक खातों को कराया था होल्ड**

### तकनीकी जांच और 397 खातों पर कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन और एएसपी कीर्तन राठौर के नेतृत्व में डोंगरगांव पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और बैंक ट्रांजेक्शन की गहन जांच के बाद उन 397 बैंक खातों को चिन्हित कर होल्ड कराया। जिनमें ठगी की राशि ट्रांसफर की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक विशेष टीम आरोपियों की तलाश में मुंबई (महाराष्ट्र) भी रवाना की गई। लगातार तकनीकी निगरानी और पोर्टल के माध्यम से की गई घेराबंदी के परिणाम स्वरूप ठगी गई कुल राशि में से 1,03,20,000 रूपए को लीन (होल्ड) कराने में सफलता मिली। न्यायालय के आदेश के बाद अब 85,00,031 प्रार्थी के खाते में वापस आ गए हैं।

# छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी भंग, जल्द होगा चुनाव

**डोंगरगांव में आयोजित होली मिलन समारोह में सांसद संतोष पांडेय ने बाउंड्रीवाल निर्माण का दिया आश्वासन**



डोंगरगांव (दावा)। नगर के करियाटोला वार्ड स्थित श्री वैष्णव भवन में रविवार को छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा का प्रदेश स्तरीय होली मिलन समारोह एवं महत्वपूर्ण प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। इस दौरान समाज के विकास और संगठन विस्तार को लेकर कई निर्णायक फैसले लिए गए, जिसमें वर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी को भंग कर नए निर्वाचन की घोषणा प्रमुख रही। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर डोंगरगांव मंडलेश्वर बालकृष्णदास वैष्णव ने समाज की उन्नति हेतु अपने विचार रखे और भवन के बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। सांसद संतोष पांडेय ने समाज की मांग को तत्काल स्वीकार करते हुए इसे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

होली मिलन के पश्चात आयोजित प्रदेश प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में चुनावी प्रक्रिया पर गहन चर्चा हुई। चूंकि वर्तमान पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका था। अतः सभी सदस्यों ने एकमत होकर पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने का निर्णय लिया। बैठक में तत्काल निर्वाचन समिति का गठन किया गया। प्रदेश सलाहकार देवकुमार निर्वाणी और इंद्र कुमार वैष्णव ने संयुक्त रूप से घोषणा की कि आज से प्रदेश कार्यकारिणी समाप्त की जाती है और आगामी समय में लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुसार नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मनोरमा वैष्णव, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बैरागी (रायपुर) और सुरेंद्र वैष्णव उपस्थित रहे। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने संगठन को और अधिक पारदर्शी और गतिशील बनाने पर जोर दिया। बैठक में चंद्रशेखर वैष्णव, शिवकुमार, दुष्यंतदास, महेंद्र, रामरंग, अजय वैष्णव (कोरबा), अनूप दास, संदीप, लव दास, रविन्द्र, हेमंत, प्रशांत, विश्वास सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर से आए प्रतिनिधि शामिल हुए। महिला प्रकोष्ठ से संगीता वैष्णव, ममता, श्रद्धा, प्रभा, भारती और शारदा वैष्णव सहित डोंगरगांव मंडल के पदाधिकारी बिहारीदास, घनश्याम दास, बीरेंद्र कुमार व राजेंद्र कुमार वैष्णव की सक्रिय उपस्थिति रही।

## पहला कॉलम...

### जन्मदिवस के अवसर पर प्रधान पाठिका ने कराया न्योता भोज



डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक के शासकीय प्रायोगिक प्राथमिक शाला डोंगरगांव की प्रधानपाठिका मीना गंगबेर ने अपने 62 वें जन्मदिवस के अवसर पर अपने स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया. जिसमें मध्याह्न भोजन के साथ केला, अंगूर, गुलाब जामुन और चॉकलेट भी दिया गया. बता दें कि मीना गंगबेर उक्त शाला में विगत 18 वर्षों से प्रधानपाठिका के रूप में सेवा दे रही हैं तथा 62 वर्ष पूर्ण होने के फलस्वरूप इसी संस्था से इसी सत्र उनकी सेवानिवृत्ति भी होनी है. इस न्योता भोज के उपलक्ष्य में उनके सुपुत्र शशांक साहू, शाला के शिक्षक नरेंद्र चंद्रवंशी, साहू सर एवं बीटीआई के छात्राध्यापक उपस्थित रहे।


### शराब के नशे में पत्नी से मारपीट करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार



छुरिया (दावा)। छुरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत पत्नी के साथ आए दिन मारपीट और गाली-गलौज करने वाले एक शराबी पति के विरुद्ध पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। आरोपी द्वारा लगातार शांति भंग करने और भविष्य में किसी गंभीर अपराध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। छुरिया थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन ने बताया कि ग्राम कुमर्रा निवासी पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि उसका पति प्रेमलाल कोर्राम (28 वर्ष) शराब के नशे में धुत होकर घर आता है और बिना किसी कारण के आए दिन लड़ाई-झगड़ा व मारपीट करता है। पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने मामले को सुलझाने और परिवार को टूटने से बचाने के उद्देश्य से दोनों पक्षों को थाने तलब किया था। पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाइश दिए जाने के बावजूद आरोपी प्रेमलाल के व्यवहार में कोई सुधार नहीं दिखा। वह पुलिस की मौजूदगी में ही अपनी पत्नी से वाद-विवाद और झगड़ा करने लगा। आरोपी के हिंसक व्यवहार और किसी संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल आशंका को देखते हुए पुलिस ने उसके विरुद्ध बीएनएसएस की प्रतिबंधात्मक धारा 170, 126, 135 (3) के तहत मामला कायम किया। आरोपी को गिरफ्तार कर तहसील न्यायालय छुरिया में पेश किया गया।

### ग्राम ईरा में पशु बांझपन उपचार शिविर आयोजित, पशुपालकों को दी गई आधुनिक जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। पशुधन विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत ईरा में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं नस्ल सुधार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय बांझपन उपचार एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपने पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञों से परामर्श लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। उन्होंने नस्ल सुधार पर जोर देते हुए कहा कि विभाग द्वारा समय-समय पर लगाए जाने वाले इन शिविरों का लाभ उठाकर पशुपालक अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच किशोर साहू ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य दुगेश साहू शामिल हुए। पशु चिकित्सालय सोमनी की पशु चिकित्सक डॉ. मौसमी यादव ने तकनीकी सत्र में पशुओं में बांझपन की समस्या पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पशुओं में प्रजनन संबंधी समस्याओं का सबसे बड़ा कारण पोषक तत्वों की कमी है। डॉ. यादव ने पशुपालकों को सलाह दी कि वे पशुओं के आहार में यूरिया उपचारित पैरा और अजोला शामिल करें। नियमित रूप से मिनरल मिक्सचर और हरा चारा दें। पशुओं के उचित रख-रखाव और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। शिविर में पशु चिकित्सालय सोमनी से खिलावन साहू, बेदनाथ लहरे, श्रीमती दीप्ति वर्मा, हिमानी, भेजेंद्र एवं केवल साहू ने पशुओं की जाँच की और आवश्यक दवाइयां वितरित की। इस अवसर पर महेश साहू, महेंद्र साहू, चंद्रिका साहू, भूपेन्द्र देशमुख, कामता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पशुपालक उपस्थित थे। शिविर के दौरान कई पशुओं का मौके पर ही उपचार कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया।

# छुरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई : वर्षो से फरार दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार



छुरिया (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा जिले में चलाए जा रहे वारंटी धरपक अभियान के तहत छुरिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वर्षों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस गिरफ्त में आए वारंटियों का विवरण इस प्रकार है। जिसमें शेख उमर (38 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर 6 छुरिया जिसके विरुद्ध वर्ष 2018 में धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज था। आरोपी वर्तमान में जिला कबीरधाम में छिपकर रह रहा था। वहीं भागचंद गोड (37 वर्ष) निवासी ग्राम बखरूटोला (पुलिस चौकी जोब) इसके विरुद्ध वर्ष 2014 में धारा 138 एनआई एक्ट (चेक बाउंस मामला) के तहत स्थायी वारंटी जारी था। यह आरोपी राजनांदगांव में ठिकाना बदलकर रह रहा था।

**कबीरधाम और राजनांदगांव में दबिश देकर पुलिस ने दबोचा, न्यायालय में किया गया पेश**

छुरिया थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरीनंदन नायक के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया था। सोमवार 16 मार्च को पुलिस टीम ने वारंटियों के संभावित ठिकानों (कबीरधाम और राजनांदगांव) पर एक साथ दबिश दी। सटीक सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया और थाने लाया गया। पकड़े गए दोनों स्थायी वारंटियों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के उपरांत सोमवार को ही राजनांदगांव न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए फरार वारंटियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 5.40 लाख की ठगी, भाजपा नेता सहित दो के विरुद्ध शिकायत



डोंगरगढ़ (दावा)। शिक्षित बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने का एक नया मामला सामने आया है। विकासखंड के ग्राम पंचायत रीवागहन निवासी एक भाजपा नेता और उनके सहयोगी पर एक ग्रामीण ने अपने पुत्र को पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लाख 40 हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले को विवेचना में ले लिया है। प्रार्थी जगत राम वर्मा (निवासी-रीवागहन) ने डोंगरगढ़ थाने में दर्ज अपनी शिकायत में बताया कि भाजपा नेता टाकेश्वर वर्मा (निवासी-रीवागहन) और आकाश शर्मा (निवासी-ब्राह्मणपारा, डोंगरगढ़) ने उनके पुत्र हरीश को पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने का वादा किया था। प्रार्थी के अनुसार, वर्ष 2021 में किस्तों के रूप में कुल 5,40,000 रुपए लिए गए। यह लेन-देन ग्राम पलान्दुर निवासी अशोक बसोने की मौजूदगी में हुआ था।

**पुलिस विभाग में भर्ती का झांसा देकर ली रकम, लेनदेन का वीडियो क्लिप भी पुलिस को सौंपा**

### कर्ज लेकर दी थी रकम, अब मिल रही गाली-गलौच

जगत राम वर्मा ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उन्होंने यह बड़ी राशि अपने परिवार और परिचितों से कर्ज लेकर अनावेदकों को दी थी। रकम लेने के बावजूद आज तक न तो पुत्र की नौकरी लगी और न ही पैसे वापस किए गए। प्रार्थी का आरोप है कि जब भी वे अपने पैसे वापस मांगते हैं, तो आरोपी उनके साथ गाली-गलौच करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं, जिससे उनका पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है। धोखाधड़ी की पुष्टि के लिए प्रार्थी ने पुलिस को पैसे के लेनदेन से संबंधित एक वीडियो क्लिप भी साक्ष्य के तौर पर सौंपी है। आवेदक में पुलिस से निवेदन किया गया है कि आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उचित वैधानिक कार्यवाही की जाए। पुलिस प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

# लालबहादुर नगर महाविद्यालय में 'इंस्पिरेशनल टॉक' संपन्न, प्राध्यापकों ने साझा किए सफलता के मंत्र



**प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संचालित हो रही हैं विशेष कोचिंग कक्षाएं; छात्रों को मिला करियर मार्गदर्शन**

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय, लालबहादुर नगर में छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'इंस्पिरेशनल टॉक 2026' का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना और उन्हें करियर निर्माण के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपने व्यक्तिगत जीवन के संघर्षों और वर्तमान पद को प्राप्त करने तक की यात्रा के अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। प्रो. एम. बोकडे, बी. आर. चन्द्रवंशी, डॉ. हेमलता गायकवाड़, रीना सलामे, अरुण कुमार साहू एवं सोनल नागवंशी ने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देते हुए बताया कि निरंतरता और सही रणनीति से किसी भी कठिन परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है।

### नियमित संचालित हो रही हैं कोचिंग कक्षाएं

प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर ने अपने उद्बोधन में जानकारी दी कि महाविद्यालय में प्रत्येक शनिवार को छत्तीसगढ़ सामान्य अध्ययन के साथ-साथ नेट, सेट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि राजेश चक्रधारी, डॉ. कविता यदु एवं डॉ. नम्रता द्वारा नियमित रूप से छात्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्राचार्य ने आशा व्यक्त की कि ये कक्षाएं ग्रामीण परिवेश के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। महाविद्यालय की इस पहल पर विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। छात्र त्रिवेणी यादव, रितेश, नीलम एवं डेकेश्वर ने कहा कि ये कोचिंग कक्षाएं उनके लिए अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही हैं। इंस्पिरेशनल टॉक जैसे कार्यक्रमों से उन्हें अपनी कमजोरियों को दूर करने और भविष्य के लिए नई दिशा मिली है। इस अवसर पर राहुल यादव, ज्योति वर्मा, कामिनी, रूपेश सहित महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में भविष्य निर्माण को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया।

# आज कुहीखुर्द में मनेगी भक्त माता कर्मा जयंती, निकलेगी भव्य शोभायात्रा



राजनांदगांव (दावा)। परिक्षेत्र साहू समाज गैंदाटोला के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती समारोह मंगलवार, 17 मार्च को ग्राम कुहीखुर्द में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन को लेकर साहू समाज के पदाधिकारियों और कुहीखुर्द के ग्रामीणों द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे कर्मा मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। यह शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी। जिसमें समाज की महिलाएं और पुरुष पारंपरिक परिधानों में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे से मुख्य समारोह आयोजित होगा। जिसमें अतिथियों का स्वागत, सम्मान एवं प्रबुद्धजनों का उद्बोधन होगा। शाम को प्रसादी वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चुरामन साहू करेंगे, जबकि प्रमुख अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति श्रीमती बिरम बाई मंडावी शिरकत करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में मदन लाल साहू, भारत लाल साहू, बालकिशन साहू, जनपद सभापति हेमिन विष्णु साहू, कुमेश्वरी गजेंद्र साहू, खिलेन्द्र साहू, उमेश कुमार साहू, हुकुम साहू सहित तहसील और परिक्षेत्र स्तर के अनेक पदाधिकारी शामिल होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू, सचिव धनेश कुमार साहू और ग्रामीण अध्यक्ष भारत लाल साहू ने परिक्षेत्र के समस्त स्वजातीय भाई-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में कुहीखुर्द पहुंचकर माता कर्मा की जयंती को सफल बनाने का आह्वान किया है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी मीडिया प्रभारी गिरधर लाल साहू द्वारा दी गई।

**गैंदाटोला परिक्षेत्र साहू समाज का भव्य आयोजन, पूर्व विधायक छन्नी साहू होंगी मुख्य अतिथि**

# भंडारपुर में धूमधाम से मनाई गई भक्त माँ कर्मा जयंती, मंगल भवन निर्माण की मिली सौगात



छुरिया (दावा)। ग्रामीण साहू समाज ग्राम भंडारपुर द्वारा भक्त माँ कर्मा जयंती का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुईं, जिन्होंने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए गांव में मंगल भवन निर्माण की महत्वपूर्ण घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ कर्मा के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भक्त माँ कर्मा का जीवन त्याग, सेवा और अटूट भक्ति का प्रतीक है, जो आज भी पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संगठन के माध्यम से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है।

**मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने की घोषणा, समाज की एकता पर दिया जोर**

0 नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का प्रयास

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिक्षेत्र साहू समाज छुरिया के अध्यक्ष उमेश साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और महान संतों के बारे में जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और विकास के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथियों में तहसील साहू समाज सचिव मनसुख साहू, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जनपद सभापति उत्तरा निषाद, तहसील संरक्षक एम.एल. सोनबोईर, भंडारपुर सरपंच सीमा चंद्रवंशी, हालेकोसा सरपंच तुला राम साहू, कुंदन बड़ोले, हीरालाल चंद्रवंशी एवं ग्राम पटेल दशरथ चंद्रवंशी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंगल भवन की घोषणा होने पर ग्रामवासियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुनबाई चंद्रवंशी, यशोदीया पटेल, संजू साहू, सविता साहू, रामेश्वर चंद्रवंशी, प्रदीप पटेल, कांशीराम और रोहित चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और समाज के युवा व महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन और अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ।

# प्यार और सहकार से भरा परिवार ही धरती का जीता-जागता स्वर्ग : के.के. विनोद

**अंबागढ़ चौकी गायत्री शक्तिपीठ में परिवार निर्माण कार्यशाला संपन्न; सैकड़ों परिवार हुए शामिल**



अंबागढ़ चौकी (दावा)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित एक दिवसीय परिवार निर्माण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में अंबागढ़ चौकी सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सपरिवार हिस्सा लिया और आदर्श गृहस्थ जीवन के गुर सीखे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र के.के. विनोद ने कहा कि गृहस्थ जीवन किसी तपोवन से कम नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयम, सेवा और शालीनता की साधना को यदि व्यवहारिक जीवन में उतारा जाए, तो परिवार स्वर्ग समान बन जाता है। उन्होंने भारतीय परिवार व्यवस्था को अनमोल रत्नों की खदान बताते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए आदर्श गृहस्थों का होना अनिवार्य है।

### सुखद परिवार के मूल मंत्र

शिविर में बताया गया कि एक सुखी परिवार के लिए निम्नलिखित भावनाओं का होना आवश्यक है। जिसमें पति-पत्नी के बीच रथ के दो पहियों जैसा संतुलन, बड़ों के प्रति सम्मान और छोटों के प्रति स्नेह, संसाधनों का सही और मर्यादित उपयोग एवं व्यवहार में विनम्रता और सहिष्णुता आदि है। वक्ताओं ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों और देवी-देवताओं ने भी गृहस्थ आश्रम को श्रेष्ठ माना है। इसी आश्रम से समाज सुधारक और संतों का जन्म होता है। जो राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। कार्यक्रम के अंत में गायत्री परिवार के ट्रस्टी मुकुंद निषाद ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कमला कॉलेज में सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न: विज्ञान संकायों ने पाया नवाचार में नया दृष्टिकोण

राजनांदगांव(दावा)। रूस 2.0 के अंतर्गत शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में दिनांक 09 से 14 मार्च 2026 तक सात दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर साइंस फैकल्टीज का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। जिसमें संपूर्ण महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

विशेष रूप से रसायनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष नंदिनी चंद्रवंशी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सात दिवसीय इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण के साथ-साथ अन्य महाविद्यालयों से भी अनेक प्राध्यापक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर आयोजित व्याख्यानों को सुनकर महत्वपूर्ण ज्ञान एवं अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 9 मार्च को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजली अवधिया, समस्त




प्राध्यापकगण एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। प्रथम दिवस की मुख्य वक्ता नोडल अधिकारी डॉ. मोहन एल. वर्मा थे। इन्होंने अपने व्याख्यान में कम्प्यूटर आधारित प्रयोग, डिजिटल सिमुलाइजेशन और मॉडलिंग तकनीकी के माध्यम से विज्ञान सामग्री एवं नैनो-तकनीकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रशिक्षित किया। डॉ. मोहन एल. वर्मा का व्याख्यान अत्यंत रोचक, चिंतनशील एवं ज्ञानवर्धक था, जिसमें उपस्थित सभी प्रतिभागियों को गहन विचार करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात् नायब उल मालिक द्वारा प्रैक्टिकल सेशन आयोजित करवाई गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन का प्रारंभ भी विधिवत रूप से किया गया। इस दिन की मुख्य वक्ता डॉ. अंजली अवधिया रही। उन्होंने अपने संबोधन में क्वांटम फिजिक्स की आधुनिक शिक्षा में तकनीकी कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में डॉ. मोहन एल. वर्मा द्वारा क्वांटम मैकेनिक्स विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के तीसरे दिन विशेष व्याख्यान के लिए डॉ. अश्विन कुमार शर्मा शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव को आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने व्याख्यान में आयोनाइजेशन एनर्जी, पीरियॉडिक टेबल, इलेक्ट्रान एफिनिटी, केमिकल बिहेवियर, केमिकल बांडिंग विषयों को विस्तार से समझाया। इस सत्र के पश्चात् विशेष व्याख्यान के लिए डॉ. कुसुमांजलि देशमुख शासकीय वीवाईटी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग से उपस्थित रही। उन्होंने अपने व्याख्यान में नीड ऑफ सिमुलेशन, मॉडर्न नैनो मटेरियल टेक्नोलॉजी, मेकिंग थिन फिल्म, ग्रीन सिंथेसिस के बारे में ज्ञानवर्धक बाते बताई। कार्यक्रम के चौथे दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ. हेनू कुमार वर्मा, आईआईटी भिलाई से उपस्थित रहे। इन्होंने रिसर्च पेपर बनाना, रिसर्च आइडिया फॉर लिमिटेड फैसेलिटि्स और रिसर्च से जुड़ी कई जानकारी दी। कार्यक्रम के पांचवें दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शुभ्रा मिश्रा, शासकीय नवीन महाविद्यालय, गुड़ियारी, रायपुर उपस्थित रही। उन्होंने अपने व्याख्यान में बौद्धिक संपदा के महत्व, शोध, नवाचार पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में सिमुलेशन प्रोग्राम के नोडल ऑफिसर डॉ. मोहन एल. वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में रिसर्च पेपर लिखते समय क्या-क्या सावधानी रखनी चाहिये तथा एआई टुल्स का उपयोग किस प्रकार किया जाना चाहिए, इस बारे में हमे विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. मोहन एल. वर्मा, समन्वयक श्रीमती नंदिनी चन्द्रवंशी तथा सह.समन्वयक डॉ. सुरेश कुमार पटेल, आलोक कुमार जोशी एवं श्रीमती तारा ठाकुर रहें। आयोजन समिति में अमरनाथ निषाद, लेखा प्रसाद उर्वशा, शिवेन्द्र कुमार, चंदन साहू, डॉ. चेतना गुप्ता, श्रीमती शीला राहा, श्रीमती शैलजा तिवारी तथा श्रीमती सानंवी पंजवानी ने सक्रिय रूप से सहयोग दिया। तकनीकी सहयोग रेवती रमन साहू एवं धनेश पटेल द्वारा प्रदान किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन श्रीमती तारा ठाकुर, सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र ने किया। इस प्रकार यह सात दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर साइंस फैकल्टी कम्प्युटर बेस्ड मटेरियल/ नैनो-मटेरियल इनोवेशन अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# जनपद पंचायत छुरिया के सामुदायिक भवन में मूल्यांकन शिविर का हुआ आयोजन



राजनांदगांव(दावा)। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के निगमित सामाजिक दायित्व के निगमित सामाजिक दायित्व भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर द्वारा एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से जिले के दिव्यांगजनों को आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए जिले के सभी विकासखंडों में मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया।

**शिविर में जिले के अंतिम छोर से 100 से अधिक दिव्यांगजनों ने पहुंचकर कराया सहायक उपकरण के लिए पंजीयन**

इसी कड़ी में छुरिया विकासखंड के जनपद पंचायत छुरिया के सामुदायिक भवन में आयोजित मूल्यांकन शिविर में जिले के अंतिम छोर से 100 से अधिक दिव्यांगजनों ने पहुंचकर सहायक उपकरण के लिए पंजीयन कराया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए आयोजित मूल्यांकन शिविर की सराहना की। उन्होंने कहा कि, इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से शासकीय एवं सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित होती है। उन्होंने दिव्यांगजनों को शिविर में शामिल होकर सहायक उपकरण के लिए पंजीयन कराने की अपील की। शिविर को अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

शिविर में अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया संजय सिन्हा, सभापति समाज कल्याण श्रीमती भेष बाई साहू, श्रीमती बिरम रामकुमार मंडावी, श्रीमती रेखा गंधर्व, श्रीमती उत्तरा निषाद, उभेराम मंडावी, चंद्रप्रकाश मोटघरे, उप संचालक समाज कल्याण सुश्री वैशाली मरडवार, समाज कल्याण विभाग के प्रमुख कलाकार श्री बीरसिह साहू, प्रभारी अधीक्षक शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष विद्यालय राजनांदगांव बालकृष्ण बघेल सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ लोधी समाज का बड़ा आयोजन 22 को

### कबीरधाम के सेमरिया में प्रदेश स्तरीय वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डॉ. रमन सिंह, विजय शर्मा, संतोष पाण्डेय, भावना बोहरा, विधायक यशोदा वर्मा अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे



डोंगरगढ़ (दावा)। कबीरधाम जिले के ग्राम सेमरिया में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ लोधी समाज की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का प्रदेश स्तरीय बलिदान दिवस कार्यक्रम 22 मार्च को कबीरधाम जिले के ग्राम सेमरिया में भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, गृहमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक भावना बोहरा, विधायक यशोदा वर्मा अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि, 20 मार्च को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों, सर्किलों एवं ग्राम स्तर पर भी अपने-अपने क्षेत्र में वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही समाज के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से 20 मार्च से 31 मार्च तक प्रदेश भर में विभिन्न स्थानों पर बलिदान दिवस मनाने पर सहमति व्यक्त की, ताकि समाज के इतिहास, गौरव और वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी के शौर्य एवं बलिदान को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुँचाया जा सके। बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा प्रदेश भर से समाजजनों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

### 22 मार्च को कबीरधाम जिले के ग्राम सेमरिया में

छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने प्रदेश के सभी समाजजनों से अपील करते हुए कहा है कि, 22 मार्च को कबीरधाम जिले के ग्राम सेमरिया में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय बलिदान दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी को श्रद्धांजलि अर्पित करें और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं।बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, संगठन मंत्री जीवन कौशिक, अंकेक्षक विमल पटेल, संरक्षक किशोर वर्मा, पीला राम, रामफल युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिगौर, महिला प्रदेश अध्यक्ष दशमत जंघेल, प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश लोधी, प्रदेश प्रचार सचिव भगवती वर्मा, श्रावण कौशिक, चैन दास जंघेल, कवर्धा जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक,उत्तम जंघेल, गोवेद पटेल,मनहरण कौशिक, दुर्जन जंघेल, ईश्वरी वर्मा, दीपक जंघेल, राघवेन्द्र वर्मा, आनंद कौशिक, रूपेश कौशिक आदि बड़ी संख्या में प्रदेश जिला सर्किल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण और सुरक्षित यातायात से ही संवरेगा भविष्य : ओमप्रकाश सहारे




राजनांदगांव (दावा)। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट राजनांदगांव के तत्वावधान में रविवार 15 मार्च को मोतीपुर स्थित सामुदायिक भवन में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन में पर्यावरण संतुलन, जल संरक्षण और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति प्रेरित करना था। ट्रस्ट की महिला सदस्य श्रीमती कौशल्या बाई सहारे ने जल और पर्यावरण के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है, इसलिए हमें आज से ही इसके दुरुपयोग को रोकना होगा। पर्यावरण पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा अस्तित्व पेड़-पौधों पर निर्भर है। वे न केवल हमें प्राणवायु ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि फल-फूल और अन्न भी प्रदान करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। ट्रस्ट के मुख्य मार्गदर्शक ओम प्रकाश सहारे ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की महत्ता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है, लेकिन लोग नियमों के प्रति लापरवाह हैं। उन्होंने सुरक्षित सफर के लिए कुछ महत्वपूर्ण बिंदु साझा किए। वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का उपयोग न करें।

# मांझी समाज प्रमुख को मिला श्रवण यंत्र और वॉकिंग स्टिक : समाज कल्याण विभाग बना बुजुर्गों का संबल

### जिला पंचायत अध्यक्ष और कलेक्टर ने सोमटोला के 80 वर्षीय महाजन अठभैया को सौंपे सहायक उपकरण

**मोहला (दावा)। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय में समाज कल्याण विभाग की सहायक उपकरण प्रदाय योजना अंतर्गत जिले के जनपद पंचायत मोहला के ग्राम पंचायत सोमटोला निवासी 80 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक एवं मांझी समाज के समाज प्रमुख महाजन अठभैया को श्रवण यंत्र एवं वॉकिंग स्टिक प्रदान किया गया।**



यह सहायक उपकरण जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह एवं कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के करकमलों से प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहायता और सुविधाएं पहुंचाना है। विशेषकर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस प्रकार की योजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। श्रवण यंत्र और वॉकिंग स्टिक मिलने से महाजन अठभैया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सहायक उपकरण प्रदाय योजना के अंतर्गत इस वर्ष अब तक 1 हजार से अधिक दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान कर लाभान्वित किया गया है। इन उपकरणों में श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, वॉकिंग स्टिक सहित अन्य आवश्यक साधन शामिल हैं।

जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के सभी पात्र दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे, ताकि वे अपने दैनिक जीवन को अधिक सुगम और आत्मसम्मान के साथ जी सकें।

प्रशासन द्वारा लगातार शिविरों और कार्यक्रमों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इस पहल से न केवल जरूरतमंद लोगों को सहारा मिल रहा है। बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना भी मजबूत हो रही है।

# न्याय की गुहार : मारपीट से पीड़ित व्यक्ति ने दी आत्मदाह की चेतावनी, कांग्रेस नेता मिश्रा ने एसपी से कराई मुलाकात

## एसपी ने दिए निष्पक्ष जांच के निर्देश



**राजनांदगांव (दावा)। जिले के ग्राम ठेलकाडीह निवासी एक पीड़ित व्यक्ति द्वारा न्याय न मिलने पर आत्मदाह जैसा आत्मघाती कदम उठाने की तैयारी का मामला सामने आया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा की सूझबूझ और सक्रियता से न केवल एक बड़ी अनहोनी टली। बल्कि पीड़ित को पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर भी मिला।**

पीड़ित एस.के. साहू ने बताया कि हाल ही में एक सामाजिक बैठक के दौरान कुछ लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस घटना में उनके सिर पर गंभीर चोटें आई थीं।

बीच-बचाव करने पहुंची उनकी बहन और परिजनों को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई और उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं।

### कंटेनर लेकर एसपी दफ्तर जा रहा था पीड़ित

कार्रवाई न होने से निराश पीड़ित शुक्रवार को ईंधन से भरा कंटेनर लेकर आत्मदाह करने की मंशा से पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर निकल पड़ा था। रास्ते में वह अपनी व्यथा लेकर अभिमन्यु उदय मिश्रा के पास पहुँचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्री मिश्रा और उनके साथियों ने पीड़ित को समझाइश दी और ऐसा कदम न उठाने के लिए मनाया।

### एसपी व सीएसपी ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

अभिमन्यु उदय मिश्रा स्वयं पीड़ित को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा से मुलाकात की। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को उचित जांच के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) अलेक्जेंडर किरो से भी भेंट की। सीएसपी ने बताया कि मामले में प्रारंभिक एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### अभिमन्यु मिश्रा ने की सख्त कार्रवाई की मांग

अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को न्याय के लिए इतना मजबूर नहीं होना चाहिए कि वह अपनी जान देने की सोचे। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। इस दौरान उनके साथ प्रदीप यादव, संदीप सोनी, सौम्य शर्मा, प्रथम हरिहरनो, निलेश देशलहरे सहित पीड़ित के परिजन उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**होर्मुज पर अलग-थलग पड़े ट्रंप....**

युद्ध में नहीं पड़ेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक सामूहिक योजना पर सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेगा, लेकिन यह कोई आसान काम नहीं होगा। इधर, जर्मनी ने कहा कि ईरान युद्ध से नाटो का कोई लेना-देना नहीं है। जर्मन सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि उनका देश न तो युद्ध में शामिल होगा और न ही सैन्य बल पर होर्मुज को खुला रखने के अभियान में शामिल होगा। जबकि डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके ने कहा कि उनके देश को खुले दिमाग से सोचना चाहिए कि इस मामले में कैसे योगदान दिया जा सकता है। ट्रंप की होर्मुज स्ट्रेट में युद्धपोत भेजने की मांग पर चीन ने सभी पक्षों से पश्चिम एशिया में सैन्य अभियान तुरंत रोकने की अपील की है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सोमवार कहा कि होर्मुज स्ट्रेट और आसपास के क्षेत्र में तनाव ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा के प्रवाह को प्रभावित किया है और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता को नुकसान पहुंचाया है। चीन फिर से सभी पक्षों से सैन्य अभियानों को तत्काल रोकने की अपील करता है। एएनआई के अनुसार, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से फोन पर बातचीत की और उनसे पश्चिम एशिया में हमले बंद करने और होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही बहाल करने की अपील की। मैक्रों ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप चीन की अपनी बहुप्रतीक्षित यात्रा को टाल सकते हैं। उन्होंने खुद इस बात के संकेत दिए हैं। यह माना जा रहा है कि वह होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने में मदद के लिए बीजिंग पर दबाव बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

**होर्मुज तनाव के बीच भारत को राहत.....**

जहाजों का समय पर पहुंचना बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शिवालिक के मुंद्रा पोर्ट पहुंचने के बाद गैस उतारने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और इसे देश के एलपीजी वितरण नेटवर्क में भेजा जाएगा। वहीं दूसरा जहाज नंदा देवी 17 मार्च को कांडला पोर्ट पहुंचने की संभावना है। पश्चिम एशिया में हाल के दिनों में तनाव काफी बढ़ गया है। फरवरी के अंत में अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर सैन्य हमले किए थे। इसके बाद ईरान ने जवाबी चेतावनी देते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को लेकर सख्त रुख अपनाया था। इस कारण कुछ समय के लिए जहाजों की आवाजाही कम हो गई थी और कई टैंकरों ने इस रास्ते से गुजरने से परहेज किया।

**12वीं हिंदी का पेपर लीक....**

परीक्षाओं की गोपनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विभाग पूर्णतः प्रतिबद्ध है। साइबर सेल की जांच में यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता या षड्यंत्र पाया जाता है, तो दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति....**

जब लोकतांत्रिक परिपक्वता का उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया है। प्रथम लोकसभा के गठन के समय श्री जी.वी. मावलंकर ने अध्यक्ष पद की गरिमा पर बल देते हुए कहा था कि अध्यक्ष का आसन किसी दल या व्यक्ति का प्रतिनिधि नहीं होता, बल्कि पूरे सदन की सामूहिक चेतना और विश्वास का प्रतीक होता है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि वह असहमति को स्थान देता है, विविध विचारों का सम्मान करता है और संवाद के माध्यम से सहमति का मार्ग खोजता है। संसद इसी लोकतांत्रिक चेतना का सर्वोच्च मंच है, जहाँ व्यक्त प्रत्येक विचार देश के करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में संसद अपनी गौरवशाली संसदीय परंपराओं को और अधिक सुदृढ़ करेगी तथा लोकतांत्रिक संवाद, रचनात्मक विमर्श और संस्थागत गरिमा के उन आदर्शों को नई ऊर्जा मिलेगी, जिन पर भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा आधारित है। डॉ. रमन सिंह ने श्री ओम बिरला को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में लोकसभा संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती रहेगी।

**बिहार में नहीं चला विपक्ष का....**

वहीं महाराष्ट्र से वरिष्ठ नेता शरद पवार को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुन लिया गया है। 84 वर्षीय पवार देश की राजनीति के सबसे अनुभवी नेताओं में गिने जाते हैं और उनका संसद में जाना एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति में उनकी सक्रिय भूमिका को दर्शाता है। अब सभी की नजर शाम को होने वाली मतगणना पर टिकी है। जैसे ही वोटों की गिनती शुरू होगी, यह साफ हो जाएगा कि राज्यसभा में किस गठबंधन को कितना फायदा हुआ है और राजनीतिक समीकरण किस दिशा में बदल सकते हैं।

**वांगचुक की रिहाई के दो दिन....**

लोग कहते हैं कि एपेक्स बॉडी को जनता का समर्थन नहीं है, लेकिन आज लद्दाख के लोगों ने दिखा दिया कि वे LAB और KDA के साथ खड़े हैं। वहीं, इस आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक सोनम वांगचुक को पिछले साल सितंबर में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काई। पिछले साल सितंबर में धरना प्रदर्शन के बाद यह पहला बड़ा विरोध है। उस समय पुलिस फायरिंग में चार लोगों की मौत हुई थी और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था।

**चुनाव से पहले एक्शन मोड में.....**

अजय कुमार नंद को कोलकाता का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है, जो सुप्रतिम सरकार की जगह लेंगे। इनके अलावा, नटराजन रमेश बाबू को महानिदेशक (सुधारात्मक सेवाएं) और अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) के पद पर तैनात किया गया है। बता दें कि बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होना है, जिसके नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। चुनाव आयोग और राज्य की तृणमूल सरकार के बीच पिछले कुछ समय से विभिन्न मुद्दों पर जारी खींचतान के बीच यह कदम काफी अहम माना जा रहा है।

# कोहकाटोला के जंगलों में पुलिस की दबिश, हथियार छोड़ भागे नक्सली

**महिला कमांडर हिडमे मरकाम की इंसास राइफल बरामद, 2010 में कांकेर से लूटी गई थी बंदूक**






अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले को नक्सल मुक्त बनाने के अभियान में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। औंधी थाना क्षेत्र के कोहकाटोला जंगल में पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश देकर नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। पुलिस की घेराबंदी देख नक्सली अपना हथियार और रसद छोड़कर घने जंगल की आड़ में फरार हो गए। 15 मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी कि 4-5 सशस्त्र नक्सली क्षेत्र में सक्रिय हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए औंधी पुलिस, सीएएफ, डीआरजी और कांकेर पुलिस की संयुक्त टीम को सर्चिंग के लिए रवाना किया गया। कोहकाटोला के जंगलों में संदिग्ध गतिविधि दिखने पर जब पुलिस ने घेराबंदी की, तो नक्सली पहाड़ी क्षेत्र और भौगोलिक परिस्थितियों का फायदा उठाकर भाग निकले।

### लूटी गई इंसास राइफल और कारतूस बरामद

घटनास्थल की तलाशी लेने पर पुलिस को भारी मात्रा में सामान मिला है। जिसमें एक इंसास राइफल (मैगजीन सहित) और 15 जिंदा कारतूस, बरामद राइफल (बॉडी नंबर 16799802) महिला कमांडर हिडमे मरकाम की बताई जा रही है। जिसे 2010 में कांकेर के दुर्गकोंडल क्षेत्र से लूटा गया था। पावर बैंक, दवाइयां, बैग, खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल है। पुलिस ने इस मामले में नक्सली राजे, मंगेश, हिडमे व अन्य के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार क्षेत्र में नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सर्चिंग ऑपरेशन और तेज कर दिया गया है। फरार नक्सलियों की तलाश में जंगलों की सघन तलाशी ली जा रही है।

# संगठन की मजबूती के लिए तिलई मंडल में भाजपा का प्रशिक्षण महाभियान संपन्न



**मनगटा के मालगुड़ी वन चेतना केंद्र में जुटे दिग्गज, कार्यकर्ताओं को मिला बूथ प्रबंधन और जनकल्याण का मंत्र**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के तिलई मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 14 मार्च को मिरिकल रिजॉर्ट कंपाउंड स्थित मालगुड़ी वन चेतना केंद्र मनगटा में आयोजित हुई। जिसमें मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी राम सोनबोइर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा कार्यकर्ताओं को वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से प्रशिक्षित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है तथा संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यशाला में मुख्य वक्ताओं के रूप में सांसद संतोष पांडेय, वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, महापौर मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता सचिन बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, वरिष्ठ नेता शशिकांत द्विवेदी एवं मनीष गोलछा ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन, उनके विचारों तथा भाजपा की संगठनात्मक कार्यशैली पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क को मजबूत करने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया।

# मनरेगा मजदूरों की मजदूरी तीन महीने से बकाया, भाजपा सरकार दे जवाब : महेंद्र यादव

**जिला पंचायत सदस्य ने सरकार पर बोला हमला, भुगतान न होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी**



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के महामंत्री महेंद्र यादव ने मनरेगा मजदूरों के भुगतान में हो रही देरी को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की उपेक्षापूर्ण नीतियों के कारण आज मजदूर वर्ग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है और उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

महेंद्र यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों की ढाई से तीन महीने की मजदूरी अब तक लंबित है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार नई योजनाओं के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर हाड़-तोड़ मेहनत करने वाले गरीब मजदूर अपने ही हक के पैसे के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

### अधिकारियों पर लगाया गोलमोल जवाब देने का आरोप

श्री यादव ने आगे कहा कि जब इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी मांगी जाती है, तो वे केवल गोलमोल जवाब देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। उन्होंने भाजपा सरकार को पंचायतों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने में विफल बताया और कहा कि मजदूरों की मेहनत की कमाई को रोकना बेहद निंदनीय है। महेंद्र यादव ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही मनरेगा मजदूरों का लंबित भुगतान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक की लड़ाई के लिए सड़क से लेकर प्रशासन तक उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# विदाई की बेला : कल्लूबंजारी स्कूल में छलके आंसू, गुरु और शिष्य हुए भावुक



कल्लूबंजारी (दावा)। विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि एक परिवार होता है। जहां वर्षों साथ बिताने के बाद बिछड़ना अत्यंत पीड़ादायक होता है। कुछ ऐसा ही भावुक नजारा शुक्रवार को छुरिया विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में देखने को मिली। अवसर था कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह, जहाँ जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर साथियों को नम आंखों से विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान वातावरण उस समय पूरी तरह गमगीन हो गया। जब नवाचारी शिक्षक और कवि दिनेश कुमार कुरेटी ने अपना स्वरचित विदाई गीत प्रस्तुत किया। गीत के बोल इतने मर्मस्पर्शी थे कि छात्र अपने आंसू नहीं रोक पाए और फूट-फूटकर रोने लगे। बच्चों को रोता देख मुख्य अतिथि, शिक्षक और उपस्थित ग्रामीण भी भावुक हो उठे। श्री कुरेटी ने अपने प्रिय विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अतिथियों ने दिया सफलता का मंत्र

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच चित्रा कोर्राम थी। जबकि अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष टोमन ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पटेल राजकुमार पटेल और उपसरपंच सुशील कुमार कंवर उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि मिडिल स्कूल के तीन सत्र छात्रों के जीवन की नींव होते हैं। विद्यार्थियों को अब अपनी शरारत छोड़कर एक आदर्श छात्र का रूप प्रस्तुत करना चाहिए। हर विद्यार्थी को जीवन में एक ऊँचा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने का संकल्प लेना चाहिए। ताकि वे अपने माता-पिता और गुरुओं के सपनों को साकार कर सकें।

### रचनात्मकता रही आकर्षण का केंद्र

विज्ञान शिक्षिका सुषमा नेताम के मार्गदर्शन में कागज से बनाए गए आकर्षक बैच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। जिनसे अतिथियों का सम्मान किया गया। साथ ही बाल कैबिनेट द्वारा वर्ष भर की गई रचनात्मक गतिविधियों पर आधारित फोटो ग्राफ से सजी फ्लैक्स प्रदर्शनी की भी सभी ने प्रशंसा की। कक्षा आठवीं की ओर से बाल कैबिनेट प्रमुख उरांसी कंवर, प्रहरी क्लब प्रमुख यशराज तिवारी, भारती सिन्हा, ललेश्वर ताम्रकार, लीलाधर यादव, बिंदिया साहू एवं रीषिका नटानी ने सभा को संबोधित किया। छात्रों ने विद्यालयीन सफर के दौरान अनजाने में हुई गलतियों के लिए गुरुजनों से क्षमा याचना की। विदाई ले रहे छात्रों को स्मृति स्वरूप पेन, पेंसिल और स्टेशनरी किट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रधानपाठक द्वय उमेन्द सिंह मंडावी एवं जाकेश कुमार साहू सहित शिक्षकगण तिलक राम बढ़ई, शोभराय कार्ते, अखिलेश्वर सिंह ठाकुर, चुम्मन लाल भुआर्य, जगन्नाथ नेताम एवं रोमन कुमार साहू उपस्थित थे। मंच संचालन कु. काजल पटेल एवं कु. भिनेश्वरी साहू ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में चांदनी कंवर, टिंकल ध्रुर्वे, रूपाली साहू सहित छठवीं एवं सातवीं के समस्त बच्चों का विशेष योगदान रहा।

# संजारी राज धोबी समाज का दो दिवसीय अधिवेशन संपन्न, हेमंत निर्मलकर बने नए अध्यक्ष

**महिला सम्मेलन में लाकेश निर्मलकर को मिली कमान, फिजूलखर्ची रोकने और शिक्षा पर दिया गया जोर**




हरदी (दावा)। झेरिया धोबी समाज संजारी राज का वार्षिक महासभा एवं महिला सम्मेलन ग्राम सम्बलपुर (नाहन्दा) में 14 और 15 मार्च को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय आयोजन में समाज के सुदृढ़ीकरण, नई कार्यकारिणी के चुनाव और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

अधिवेशन के पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। खुला मंच के दौरान समाज के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया और प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की गई। इसके पश्चात लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। जियमें अध्यक्ष हेमंत निर्मलकर (निवासी भरदाटोला) विजयी घोषित हुए। कोषाध्यक्ष हेतु तामेश्वर निर्मलकर (निवासी चेन्दरीबन नवागांव) चुने गए। इसके साथ ही सभापति, उपसभापति एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों के लिए भी पदाधिकारियों का चयन किया गया।

### द्वितीय दिन : भव्य कलश यात्रा और महिला सम्मेलन

15 मार्च का दिन महिलाओं और युवाओं को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। महिला सम्मेलन में सामाजिक विकास में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा की गई और महिला पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें लाकेश निर्मलकर को निर्विरोध महिला अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम के दौरान युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन हुआ। जिससे वैवाहिक संबंधों के लिए एक साझा मंच मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य प्रभा नायक और विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य चित्रेखा साहू उपस्थित रहीं। अतिथियों ने समाज को संबोधित करते हुए पांच प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया। बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर स्वावलंबी बनाएं। बच्चों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से दूर रखें। समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची कम करें। शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार और करियर की नई दिशा में मार्गदर्शन दें। समारोह के अंत में नवनियुक्त पदाधिकारियों और अतिथियों का सम्मान किया गया। इस भव्य आयोजन में संजारी राज के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों के सामाजिक कार्यकर्ता और स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

# जूलॉजी के छात्रों ने जानी पैथोलॉजी की बारीकियां, महावीर लैब का किया शैक्षणिक भ्रमण




खैरागढ़ (दावा)। शासकीय रानी रश्मि देवी सिंह महाविद्यालय खैरागढ़ के जूलॉजी विभाग के एम.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक गतिविधि के अंतर्गत महावीर पैथोलॉजी लैब खैरागढ़ का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पैथोलॉजी प्रयोगशाला की कार्यप्रणाली तथा विभिन्न जैविक परीक्षणों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। लैब भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को रक्त परीक्षण, मूत्र परीक्षण तथा विभिन्न जैव रासायनिक जांचों की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रयोगशाला विशेषज्ञों ने छात्रों को रक्त के नमूने लेने की विधि, स्लाइड तैयार करने की प्रक्रिया तथा माइक्रोस्कोप की सहायता से रक्त कोशिकाओं के अवलोकन के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्रयोगशाला में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों जैसे सेंट्रीफ्यूज मशीन, माइक्रोस्कोप तथा ऑटोएनालाइजर के कार्य और उपयोग के बारे में भी समझाया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रयोगशाला की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछकर अपने ज्ञान को और समृद्ध किया। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को जूलॉजी के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। जिससे उनके अध्ययन में रुचि और समझ दोनों में वृद्धि हुई। जूलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष निशा दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया गया। महाविद्यालय प्रबंधन ने भी इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया। अंत में जूलॉजी विभाग ने पैथोलॉजी लैब के प्रबंधन एवं विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रयोगशाला संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। शैक्षणिक भ्रमण में नेहल सोनी, आरती वर्मा,डिम्पल देवांगन, डाकेश मार्कण्डेय, सूर्योदय सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# नवागांव आंगनबाड़ी में सहायिका पद के लिए भर्ती, 1 अप्रैल तक करें ऑनलाइन आवेदन

राजनांदगांव (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 1, नवागांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के एक रिक्त पद पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

परियोजना कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक विभाग के अधिकृत ई-भर्ती पोर्टल http://aww.e-bharti.in/ के माध्यम से अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकती हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। भर्ती की पात्रता, शैक्षणिक योग्यता और अन्य आवश्यक मापदंडों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना राजनांदगांव (शहरी) में संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय पर ऑनलाइन पंजीकरण पूर्ण कर लें।

# राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर एचपीवी अभियान का आगाज, किशोरियों ने उत्साह के साथ लगवाया टीका



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पात्र किशोरियों ने उत्साहपूर्वक एचपीवी वैक्सीन लगवाई। टीकाकरण के बाद बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए केन्द्र एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है, जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे आने वाली पीढ़ियों को गंभीर बीमारियों से बचाव में मदद मिलेगी। एचपीवी टीकाकरण महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे सभी किशोरियां पात्र होगी। जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, किंतु अभी 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है। शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में एचपीवी टीकाकरण निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। अभिभावक अपनी पात्र किशोरियों का पंजीकरण युवीन पोर्टल के माध्यम से करा सकते हैं।

कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि वे अपने स्कूल एवं आसपास के साथियों को भी एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए अत्यंत प्रभावी है और सभी को इसके प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने बच्चों से अपने मित्रों और परिवार के लोगों को भी इसके बारे में जानकारी देने की अपील की। जिससे समाज में जागरूकता तेजी से बढ़ सके। कलेक्टर ने टीकाकृत बच्चों से बातचीत कर उनसे एचपीवी वैक्सीन के संबंध में जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि उन्हें इस टीके के बारे में उनके माता-पिता, स्कूल तथा समाचार पत्र के माध्यम से जानकारी मिली। बच्चों ने यह भी बताया कि एचपीवी वैक्सीन से भविष्य में गंभीर बीमारियों की संभावना काफी कम हो जाती है। कलेक्टर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह वैक्सीन स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन, सिविल सर्जन, जिला टीकाकरण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

# स्कूलों में बनेंगे प्रार्थना शेड, बच्चों को मिलेगी सुविधा



**ग्रामों में सीसी रोड, शेड निर्माण और रंगमंच सहित होंगे लाखों रुपये के विभिन्न कार्य**

डोंगरगांव (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगांव के अंतर्गत काफी लंबे समय के अंतराल के बाद ग्राम पंचायतों में कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। ग्राम पंचायत की शालाओं में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई है। साथ ही सीसी रोड, शेड निर्माण और रंगमंच के लिए भी राशि अनुमोदित की गई है। इस संबंध में जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीता कपिल पडौती ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के विभिन्न ग्राम पंचायत के शालाओं में लघु कार्यों के लिए 40 करोड़ 9 लाख 5 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं डोंगरगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोकपुर, आसरा चिचदो, सांगीनकछार, रेंगाकठेरा, कोहका (माँ), बरगांव, साल्हे, तिलईरवार और मनेरी के प्राथमिक शाला में प्रार्थना शेड निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए पांच-पांच लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। श्रीमती पडौती ने इसे विकास की राह में सरकार का सकारात्मक कदम बताया है और शेड निर्माण से स्कूली बच्चों को काफी सुविधा मिलेगी। खासकर बरसात और गर्मियों के समय के लिए ये शेड काफी उपयोगी सिद्ध होगा। इसके साथ ग्राम अरसीटोला के वार्ड नंबर 14 में सीसी रोड निर्माण के लिए 2.60 लाख, ग्राम आसरा के आदिवासी भवन के पास शेड निर्माण के लिए 2.50 तथा ग्राम जंतर के बीच पारा में रंगमंच निर्माण हेतु 2.50 लाख रुपये की राशि अनुमोदित किया गया है। इसके साथ ही खनिज न्यास संस्थान मद से शासकीय प्राथमिक शाला में अड़ाम में मरम्मत कार्य के लिए 5 लाख, अरसीटोला, जंतर व चिचदो में बोर खनन कार्य के लिए 1-1 लाख, कोकपुर में पाइप लाइन विस्तार कार्य के लिए 3.92 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी प्रकार जनपद पंचायत विकास निधि के तहत 3 लाख की लागत से अरसीटोला में रंगमंच निर्माण तथा 2 लाख की लागत से मंदिर पारा में पोर्च निर्माण एवं टाइल्स कार्य होंगे। वहीं जनपद पंचायत के 15वें वित्त विकास निधी से ग्राम चिचदो में 2 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य सह नाली निर्माण, ग्राम जंतर में 2 लाख की लागत से महिला घाट निर्माण, ग्राम बम्हनीभाठा में 1 लाख की लागत से स्ट्रीट लाइट, ग्राम अड़ाम में 1 लाख की लागत से आहता निर्माण व वाटर कूलर, ग्राम मनेरी में 1 लाख की लागत से साहू भवन में स्टील रेलिंग कार्य किये जाएंगे।

# नेहरू कॉलेज में 7 दिवसीय सौंदर्य प्रसाधन प्रशिक्षण शुरू, छात्राएं सीखेंगी स्वरोजगार के गुर



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा चौधरी के मार्गदर्शन में 7 दिवसीय सौंदर्य प्रसाधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की अतिथि व्याख्याता सुश्री नीलम सिन्हा द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सौंदर्य प्रसाधन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं का उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिला।

इस प्रशिक्षण के लिए लगभग 40 छात्राओं ने पंजीयन कराया है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को सौंदर्य प्रसाधन के विभिन्न पहलुओं जैसे त्वचा की देखभाल, मेकअप की मूलभूत तकनीक तथा सौंदर्य से संबंधित आधुनिक विधियों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पूर्व सुश्री नीलम सिन्हा ने छात्राओं को इस प्रशिक्षण के महत्व से अवगत कराया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस छात्राओं ने थ्रेडिंग की प्रक्रिया को सीखते हुए उसका व्यावहारिक अभ्यास भी किया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# बिलासा महोत्सव में गूँजी हिमानी की भरथरी, बिलासा लोककला सम्मान से हुई सम्मानित



**न्यायधानी में अपनी कला से छोड़ी अमिट छाप, राजा भरथरी के वैराग्य प्रसंग से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की उभरती लोक कलाकार हिमानी वासनिक ने न्यायधानी बिलासपुर में आयोजित प्रतिष्ठित बिलासा महोत्सव में अपनी भरथरी गायन कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को समर्पित 36वें बिलासा महोत्सव में उन्हें उनके विशिष्ट योगदान के लिए बिलासा लोककला सम्मान से नवाजा गया। हिमानी वासनिक छत्तीसगढ़ की स्वर कोकिला कही जाने वाली प्रसिद्ध लोक गायिका कविता वासनिक और राजगामी संपदा के पूर्व अध्यक्ष विवेक वासनिक की सुपुत्री हैं। उन्होंने भरथरी गायन की बारीकियां अंतर्राष्ट्रीय कलाकार रेखा जलक्षत्रीय से सीखी हैं। अपनी प्रस्तुति के दौरान हिमानी ने उज्जैन के राजा भर्तृहरि के वैराग्य और जीवन दर्शन को लोकधुनों में इस तरह पिरोया कि लाल बहादुर शास्त्री मैदान में मौजूद हजारों दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

बिलासा महोत्सव के गरिमामय मंच पर मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. रजनीश पांडेय, महोत्सव के संस्थापक डॉ. सोमनाथ यादव और अध्यक्ष महेश श्रीवास के हाथों हिमानी को शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। महोत्सव के आयोजकों ने हिमानी की गायन शैली की सराहना करते हुए कहा कि नई पीढ़ी द्वारा लोक विधाओं को इस स्तर पर जीवित रखना सराहनीय है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोक कला प्रेमी उपस्थित थे। जिन्होंने करतल ध्वनि से कलाकार का उत्साहवर्धन किया। उनकी इस उपलब्धि पर राजनांदगांव के कला जगत और उनके शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# उदयपुर पैलेस की सुरक्षा में तैनात सीएएफ जवान ने खुद को मारी गोली, मौके पर ही मौत

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के अंतर्गत उदयपुर पैलेस से सोमवार शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के पैलेस की सुरक्षा में तैनात छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के एक जवान ने अपनी ही सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे उदयपुर ग्राम में सनसनी फैल गई है और ग्रामीण दहशत में हैं। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जवान की पहचान कृपाचंद सोनवानी (38 वर्ष) के रूप में हुई है। वह छठवीं बटालियन में पदस्थ था और मूल रूप से भिलाई का निवासी था। आश्चर्यजनक पहलू यह है कि कृपाचंद एक दिन पहले ही छुट्टी से ड्यूटी पर लौटा था और सोमवार को ही उसकी पैलेस में तैनाती हुई थी। शाम करीब 5:30 से 6 बजे के बीच अचानक गोली चलने की आवाज से परिसर में हड़कंप मच गया।



छुट्टी से लौटने के अगले दिन सर्विस राइफल से किया आत्मघाती कदम, पैलेस परिसर और गांव में दहशत

पैलेस परिसर में तैनात साथी जवान जब आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे, तो कृपाचंद खून से लथपथ पड़ा था। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथियों के मुताबिक, वह पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में दिखाई दे रहा था। जिसे सामान्य समझकर गंभीरता से नहीं लिया गया। पुलिस के अनुसार, अभी तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। जिससे आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। गौरतलब है कि पूर्व सांसद व विधायक दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के निधन के बाद उपजे संपत्ति विवाद के कारण शासन-प्रशासन ने उदयपुर पैलेस को सील कर रखा है। इसकी सुरक्षा के लिए पुलिस और सीएएफ के जवानों की अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाती है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने जवान की सर्विस राइफल को जब्त कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि किसी घरेलू या निजी समस्या के चलते जवान ने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। पुलिस मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है।

# पाण्डेटोला राशन दुकान में बड़ी गड़बड़ी उजागर, घर में छिपाकर रखा 24 कट्टा चावल जब्त

**दुकान के बजाय ग्रामीण के घर से बांटा जा रहा था सरकारी राशन, विक्रेता के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की तैयारी**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के सुचारू संचालन एवं राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज छुरिया विकासखंड के ग्राम पाण्डेटोला में मां शीतला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर बड़ी मात्रा में चावल जप्ती की कार्रवाई की गई।

खाद्य विभाग की टीम द्वारा जनपद सदस्य, पंचों एवं ग्राम पटेल की उपस्थिति में ग्राम पाण्डेटोला के शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दुकान के विक्रेता वीरेन्द्र साहू द्वारा माह फरवरी 2026 का 28 कट्टा चावल अवैध रूप से ग्राम के ही टीकेश्वर साहू के घर में छिपाकर रखा गया था। जांच के दौरान पाया गया कि नियमों का उल्लंघन करते हुए विक्रेता वीरेन्द्र साहू द्वारा टीकेश्वर साहू के घर से 4 कट्टा चावल का वितरण किया गया है। साथ ही दुकान के भौतिक सत्यापन के दौरान ऑनलाइन रिकॉर्ड और मौके पर उपलब्ध स्टॉक में बड़ी मात्रा में अंतर पाया गया। ऑनलाइन रिकॉर्ड में 30 किलो चावल, 39 किलो शक्कर एवं 20 किलो नमक शेष दिख रहा था। जबकि मौके पर स्टॉक का मिलान करने पर विसंगती पाई गयी। इसके अतिरिक्त विक्रेता द्वारा संबंधित स्टॉक का डीओ भी जांच दल के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। पंचों की उपस्थिति में टीकेश्वर साहू के घर से शेष बचे 24 कट्टा (11.70 क्विंटल) चावल को जप्त किया गया। इस गंभीर अनियमितता एवं राशन की हेराफेरी के प्रकरण में संबंधितों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मासूमियत शर्मसार : 7 साल की बालिका से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

राजनांदगांव (दावा)। शहर के चिखली चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एक 7 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की हृदयविदारक घटना सामने आई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 15 मार्च को पीड़िता की माता ने चिखली चौकी में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी भावेश समरित ने उनकी नाबालिग बेटी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया है। मामला मासूम बच्ची से जुड़ा और अत्यंत संवेदनशील होने के कारण पुलिस ने बिना देरी किए वरिष्ठ अधिकारियों



चिखली पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी भावेश समरित ने कबूला अपना गुनाह

को सूचित किया और जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के कुशल पर्यवेक्षण में चिखली चौकी प्रभारी ने विशेष टीम गठित की। पुलिस ने बजरंगपुर नवागांव (वार्ड नं. 2) निवासी आरोपी भावेश कुमार समरित उर्फ कुक्कू (19 वर्ष) को उसके निवास स्थान से अभिरक्षा में लिया। कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65(2) तथा पोक्सो एक्ट की धारा 4, 5(रू) और 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। सोमवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल दाखिल करने के आदेश दिए गए। इस त्वरित कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, प्रधान आरक्षक अरुण कुमार नेताम सहित आदित्य सोलंकी, सुनील बैरागी, चन्द्रकपूर आयाम, गोपाल पैकरा, नागेश्वर साहू और महिला आरक्षक रेणुका राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मोहड़ गोलीकांड : कांग्रेस के दबाव के आगे झुका प्रशासन, मुख्य आरोपी संजय सिंह सहित अन्य पहुंचे जेल



राजनांदगांव (दावा)। शहर के बहुचर्चित मोहड़ गोलीकांड के आरोपियों के न्यायालय में आत्मसमर्पण और जेल भेजे जाने को जिला कांग्रेस कमेटी ने अपनी बड़ी जीत बताया है। जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा से जुड़े मुख्य आरोपी संजय सिंह और उनके साथियों का जेल जाना कांग्रेस पार्टी के निरंतर संघर्ष, आंदोलन और प्रशासन पर बनाए गए भारी दबाव का प्रत्यक्ष परिणाम है।

## रेत माफियाओं ने ग्रामीणों पर चलाई थी गोली

विपिन यादव ने घटनाक्रम को याद दिलाते हुए कहा कि शिवनाथ नदी से अवैध रेत उत्खनन की साजिश के तहत इस कांड को अंजाम दिया गया था। जब स्थानीय ग्रामीणों ने पर्यावरण और नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए विरोध किया, तो उन्हें डराने-धमकाने के लिए सरेआम गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा कि यह घटना संस्कारधानी की शांति व्यवस्था और कानून के राज पर सीधा हमला था। जिलाध्यक्ष ने कहा कि घटना के तुरंत बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे थे और प्रशासन को आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की चेतावनी दी थी। कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया था कि जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलेगी, आंदोलन जारी रहेगा। प्रवक्ता अनीस खान के अनुसार, कांग्रेस के लगातार विरोध प्रदर्शनों के कारण ही प्रशासन को सख्ती बरतनी पड़ी। जिसके चलते फरार आरोपियों को सरेंडर करना पड़ा।

## भाजपा शासन में अवैध गतिविधियों की बाढ़

विपिन यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान शासनकाल में अवैध रेत उत्खनन, नशे का कारोबार और आपराधिक गतिविधियां तेजी से फल-फूल रही हैं। उन्होंने दुर्ग के पास भाजपा नेता द्वारा अफीम की अवैध खेती के मामले का हवाला देते हुए कहा कि सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों की संलिप्तता के कारण अपराधी बेखौफ हैं। श्री यादव ने संकल्प दोहराया कि कांग्रेस पार्टी जनहित और कानून के सम्मान के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी। यदि जिले में कहीं भी जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया गया, तो कांग्रेस मजबूती से आवाज उठाएगी और दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी।

# ममता नगर से मोतीपुर तक चला निगम का पीला पंजा, सड़क किनारे से हटाए गए अवैध कब्जे

**आगामी नवरात्रि और स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर आयुक्त ने खुद संभाली कमान, कई जगहों पर तोड़े गए चबूतरे और शेड**



राजनांदगांव (दावा)। शहर को अतिक्रमण मुक्त करने और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन ने सोमवार को ममता नगर से मोतीपुर तक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में गठित दस्ते ने सड़क बाधा बन रहे ठेले, गुमटियों और पक्के निर्माणों को हटाने की कड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान दुकानों के बाहर अवैध रूप से बनाए गए अतिरिक्त चबूतरे, सीढ़ियां और टीन शेड को जेसीबी के माध्यम से तोड़ा गया। टीम ने उन दुकानदारों को सख्त हिदायत दी जिन्होंने नालियों के ऊपर अतिक्रमण कर रखा था या अतिरिक्त शेड लगा रखे थे। आयुक्त ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर लोगों को समझाइश दी कि वे सड़क पर सामान न फैलाएं।

## पदयात्रियों की सुविधा और स्वच्छता पर जोर

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस अभियान के पीछे दो मुख्य उद्देश्य हैं। आगामी नवरात्रि मेले के दौरान बड़ी संख्या में पदयात्री राजनांदगांव से होकर गुजरते हैं। उनके सुगम और सुरक्षित आवागमन के लिए मार्ग का अतिक्रमण मुक्त होना अनिवार्य है। शहर को साफ-सुथरा रखने और स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए मलबा और अवैध पसरा हटाना जरूरी है। आयुक्त ने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे सड़क किनारे मटेरियल या मलबा न रखें, क्योंकि इससे न केवल गंदगी फैलती है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जो लोग समझाइश के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाएंगे। उनके विरुद्ध बिना सूचना कार्यवाही की जाएगी और भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने में उप अभियंता तिलक राज ध्रुव, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी गोस्वामी, प्र. पटवारी मिलीन्द्र रेड्डी व गणेश झा सहित निगम का भारी अमला और पुलिस बल उपस्थित रहा। कुछ नागरिकों ने निगम की कार्रवाई में सहयोग करते हुए स्वयं से ही अपना अतिक्रमण हटा लिया। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि यह अभियान आने वाले दिनों में शहर के अन्य प्रमुख हिस्सों में भी जारी रहेगा।

# दवा व्यापारियों को बड़ी राहत : अब 1.50 करोड़ तक के टर्नओवर पर केवल 'फूड रजिस्ट्रेशन' ही होगा पर्याप्त

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा खाद्य व्यापार से जुड़े नियमों में किए गए बड़े बदलावों का जिला दवा विक्रेता संघ ने स्वागत किया है। नए नियमों से विशेष रूप से छोटे और मध्यम वर्ग के दवा व्यापारियों को लाइसेंस की जटिल प्रक्रियाओं से बड़ी राहत मिलेगी।

जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष अतुल जैन, सचिव दशरथ शर्मा और कोषाध्यक्ष अनिक खण्डेलवाल ने बताया कि अब तक 'बेसिक फूड रजिस्ट्रेशन' के अंतर्गत व्यापार करने की सीमा मात्र 12 लाख रुपये प्रति वर्ष थी। इसे 1 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 1.50 करोड़ रुपये प्रति वर्ष कर दिया गया है। अब तक 12 लाख रुपये से अधिक का खाद्य कारोबार (जैसे सप्लीमेंट आदि) होने पर पूर्ण 'फूड लाइसेंस' लेना अनिवार्य होता था, जो कि एक जटिल और खर्चीली प्रक्रिया थी। अब डेढ़ करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले व्यापारियों के लिए केवल फूड रजिस्ट्रेशन ही काफी होगा। लाइसेंस की आवश्यकता केवल उन व्यापारियों को होगी जिनका टर्नओवर डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक है।

## लाइसेंस रिन्यूअल के नियम हुए सरल

संघ के सचिव दशरथ प्रसाद शर्मा ने जानकारी दी कि लाइसेंस रिन्यूअल (नवीनीकरण) की प्रक्रिया को भी काफी शिथिल कर दिया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार अब फूड लाइसेंस और पंजीकरण लगातार मान्य रहेंगे। जिससे व्यापारियों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। जिला दवा विक्रेता संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि इस निर्णय से इज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा और छोटे व्यापारी बिना किसी प्रशासनिक डर के अपना कारोबार बड़ा सकेंगे। संगठन ने इस राहत के लिए संबंधित विभाग और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# बड़ी लापरवाही : ठेलकाडीह में बिजली खंभे से गिरा ठेका कर्मी, सुरक्षा उपकरणों के बिना जान जोखिम में



हादसे में कर्मी रिंकू वर्मा गंभीर रूप से घायल, ठेकेदार और विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

ठेलकाडीह (दावा)। विद्युत विभाग ठेलकाडीह के अंतर्गत कार्यरत एक ठेका कर्मचारी रविवार सुबह लाइन सुधार कार्य के दौरान हादसे का शिकार हो गया। बिना किसी सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी किट) के खंभे पर चढ़े कर्मचारी रिंकू वर्मा महरूमखूर्द क्षेत्र में फाल्ट सुधारते समय अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर पड़े। इस हादसे में उनके कमर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। जिसके बाद उन्हें राजनांदगांव के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हैरानी की बात यह है कि ठेलकाडीह जोन में तीन नियमित लाइनमैन तैनात हैं, इसके बावजूद जोखिम भरे कार्यों के लिए ठेका कर्मियों को आगे कर दिया जाता है। ग्रामीणों और जानकारों का आरोप है कि छोटे से लेकर बड़े फाल्ट तक, विभाग पूरी तरह इन अस्थाई कर्मचारियों के भरोसे है। यदि इस हादसे में कोई बड़ी अनहोनी हो जाती, तो इसकी जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं होता।

## सुरक्षा नियमों की सरेआम धज्जियां

नियमों के मुताबिक, ऊंचाई पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, डिस्चार्ज रॉड और इंसुलेटेड जूते अनिवार्य हैं। लेकिन ठेलकाडीह में ठेकेदार और विभाग द्वारा इन बुनियादी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की जा रही है। कर्मचारी अपनी नौकरी जाने के डर से बिना किसी शिकायत के हर दिन मौत का सामना करते हुए खंभों पर चढ़ रहे हैं। विद्युत विभाग में ठेका प्रथा के नाम पर बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी की चर्चाएं भी आम हैं। चर्चा है कि ठेकेदार कर्मचारियों की मेहनत पर मोटा कमीशन काटते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा और जान की कीमत पर चुप्पी साध लेते हैं। जिले के कई क्षेत्रों में इस तरह की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस जाँच नहीं हुई है।

> विद्युत सुधार के दौरान कर्मचारी रिंकू वर्मा के साथ हादसा हुआ है, उनका इलाज मैं करा रहा हूं। सेफ्टी के लिए हम हर छह माह में उपकरण देते हैं।
> — **सुरेंद्र रामटेके, ठेकेदार, विद्युत विभाग ठेलकाडीह**
>
> ठेलकाडीह के अधीन कार्यरत ठेका कर्मी रिंकू वर्मा विद्युत सुधार कार्य के दौरान पोल से गिर गए। उन्हें चोटें आई हैं और फिलहाल उपचार चल रहा है।
> — **पूरनलाल कंवर, जेई, विद्युत विभाग ठेलकाडीह**

# विस घेराव में शामिल होने बड़ी संख्या में कांग्रेसी रायपुर रवाना होंगे : मुदलियार



राजनांदगांव (दावा)। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने बताया कि मंगलवार को राजधानी रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय विधानसभा घेराव प्रदर्शन में शामिल होने राजनांदगांव से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रवाना होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी आह्वान पर यह प्रदर्शन मनरेगा बचाओ संग्राम व महंगाई के मुद्दो को लेकर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में इस कार्यक्रम के संदर्भ में प्रभारी इरफान खान ने सतनाम भवन में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया था। बैठक में बढ़ती महंगाई और भाजपा सरकार की नीतियों को लेकर चर्चा की गई तथा कांग्रेसजनों से प्रदर्शन में पूरी ऊर्जा के साथ शामिल होने का आह्वान किया गया। मुदलियार ने बताया कि मंगलवार सुबह आठ बजे यहां से वाहनों के माध्यम से कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना होंगे। रायपुर में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में कांग्रेसजन सुबह 12 बजे विधानसभा घेरने के लिए कूच करेंगे।

## महंगाई से जनता परेशान : मुदलियार

जिला शहर अध्यक्ष ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार में विकास की तीन गुना रफ्तार का दावा अब खोखला साबित हो रहा है। भाजपा के इस कार्यकाल में महंगाई का सूचकांक तेजी से बढ़ा है। जिसका सीधा असर आम जनता के दैनिक जीवन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति की कमी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में एक सिलेंडर की बुकिंग के बाद दूसरा सिलेंडर 45 दिन बाद देने का प्रावधान किया गया है, जिससे बड़े परिवारों को कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा कि गैस की कमी से रेस्टोरेंट, होटल, लॉज और ढाबों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। इन प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले गरीब वर्ग के कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

# किसानों की आवाज मजबूत करने में किसान मोर्चा की अहम भूमिका : सांसद संतोष पांडेय



भाजपा किसान मोर्चा की प्रथम जिला स्तरीय परिचयात्मक बैठक संपन्न, संगठन विस्तार का लिया संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला राजनांदगांव की प्रथम महत्वपूर्ण परिचयात्मक बैठक सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में गौरवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और मोदी सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने की रणनीति तैयार की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा भारत माता व मनीषियों के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि किसान मोर्चा की भूमिका किसानों की आवाज को बुलंद करने में सबसे अहम है। उन्होंने जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान के मंत्र पर जोर देते हुए कहा कि मोदी सरकार कृषि क्षेत्र में नवाचार और जैविक खेती के माध्यम से इसे लाभ का धंधा बना रही है। उन्होंने पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के किसान तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## कांग्रेस के डीएनए में किसान विरोध : कोमल राजपूत

भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि किसान विरोधी नीतियां कांग्रेस के डीएनए में रही हैं। उनके शासन में किसानों को धान की राशि किस्तों में मिलती थी और बारदाने के लिए भटकना पड़ता था। आज भाजपा सरकार में धान की रिकॉर्ड कीमत मिल रही है और भुगतान भी एकमुश्त सीधे खातों में हो रहा है।

## संगठन विस्तार और योजनाओं का प्रचार

प्रदेश मंत्री मूलचंद लोधी ने मनरेगा योजना की बारीकियों को समझाया, वहीं प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने बताया कि जिले में पहली बार नए प्रकल्पों का गठन कर किसानों के हित में एक सर्वश्रेष्ठ टीम तैयार की गई है। अंत में सभी ने संगठन को मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी, जिला महामंत्री मनीष सोनी, जिला महामंत्री घासीराम साहू, उपाध्यक्ष आनंद साहू, श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी, आशुतोष सिंह ठाकुर, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं पार्षद रवि सिन्हा, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, विवेक शर्मा, जिला मंत्री राजा राजपूत, किशोर यादव, गोपी प्रसाद देशमुख, सह-संयोजक गप्पू सोनकर, कोषाध्यक्ष भावेश वरु एवं मीडिया प्रभारी सतीश यादव सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला महामंत्री घासीराम साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सतीश यादव द्वारा दी गई।




# मनसा दहमी माता के मंगल पाठ में उमड़ा जनसैलाब, भजनों की स्वरलहरियों पर झूमे श्रद्धालु

**छत्तीसगढ़ सहित चार राज्यों के परिवार हुए शामिल, कविता अग्रवाल की प्रस्तुति ने मोहा मन**



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में कुलदेवी मनसा दहमी माता परिवार द्वारा आयोजित मंगल पाठ कार्यक्रम भक्ति और आस्था के अनूठे संगम के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों और पड़ोसी राज्यों से आए 600 से अधिक श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की व्यापकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, ओडिशा और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से भी अनेक परिवार विशेष रूप से सम्मिलित होने पहुंचे। जय हो राजस्थान बहरोड़ वाली मनसा दहमी माता के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। जिसने धार्मिक एकता की एक सुंदर मिसाल पेश की।

धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध भजन गायिका कविता अग्रवाल की मधुर आवाज रही। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों और मंगल पाठ की स्वरलहरियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच वितरित की गई मंगल पाठ की विशेष पुस्तक भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। आयोजन में राजनांदगांव शहर की विभिन्न प्रतिष्ठित धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में पहुंचे। आयोजकों ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय 'माई के आशीर्वाद' और दहमी परिवार के समर्पित कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत को दिया है। श्रद्धा, भक्ति और सुमधुर संगीत से ओतप्रोत इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com